


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 315

ग्वालियर, शनिवार, 08 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## खास खबर

### प्रदेश में बिना मास्क पेट्रोल-डीजल नहीं भोपाल में फिर ब्लास्ट, एक मौत भी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब हर 1 मिनट में एक व्यक्ति संक्रमित हो रहा है। यानी घंटे भर में 60 लोग। 24 घंटे में 1320 केस आए हैं। एक दिन पहले डेढ़ मिनट में एक मरीज मिल रहे थे। इधर कोरोना को बढ़ते संक्रमण की वजह से पाबंदियां बढ़ाई जा रही है। अब बिना मास्क पेट्रोल और डीजल नहीं मिलेगा। गृहमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके लिए आदेश जारी किए जा रहे हैं। इंदौर में बाद अब भोपाल में भी कोरोना का विस्फोट हो रहा है। 24 घंटे में 246 लोग पॉजिटिव मिले हैं। 5936 टेस्ट किए गए थे। हमीदिया अस्पताल में भर्ती एक संक्रमित की मौत हुई है। संक्रमित की उम्र 75 साल की थी और 27 दिसंबर से भर्ती था। भोपाल में तीसरी लहर में यह दूसरी मौत है। कोरोना पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 4.46त्न हो गई। यहां एक्टिव केस 637 हो गए हैं।

### चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने चुनाव आयोग को दी सलाह

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते कोरोना केसों के कारण चुनावों में राजनीतिक दलों के लिए रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर ने चुनाव आयोग को सलाह दे डाली है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को मतदान वाले राज्यों में कम से कम 80 प्रतिशत लोगों के लिए वैक्सीन की दोनों खुराक दिलाने पर जोर देना चाहिए। भयंकर महामारी के बीच चुनाव कराने का यही एकमात्र सुरक्षित तरीका है।बाकी सब बकबास है।कोविड उपयुक्त व्यवहार के लिए दिशा-निर्देश हास्यास्पद हैं जिसका कोई पालन नहीं करता है। बता दे कि अगले साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें कोविड-19 के हालात का आकलन करने के कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग ने उनसे कोविड टीकाकरण अभियान को तेज करने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि चुनाव ड्यूटी पर लगे लोगों ने दोनों खुराक लगवा रखी हों। सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और पंजाब के मुख्य सचिवों को लिखे हालिया पत्र में आयोग ने पांचों राज्यों को यह भी याद दिलाया कि मतदान कर्मी अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों में आते हैं और उन्हें कोविड टीके की तीसरी या अतिरिक्त खुराक दी जा सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी कुछ दिन पहले यह बात कही थी।

### मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का दफ्तर बंद, 15 स्टाफ की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का दफ्तर बंद कर दिया गया है. दरअसल वहां 15 स्टाफ की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े सूत्र ने बताया, स्टाफ कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिसके बाद हमने आज से अगले तीन दिनों तक दफ्तर बंद कर दिया है. बता दें कि एक बार फिर क्रिकेट पर कोरोना वायरस का साया पड़ने लगा है. देश में बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए 2021-22 सीजन प्रभावित हुआ है. घरेलू क्रिकेट जैसे रणजी ट्रॉफी कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी और सीनियर महिला टी20 लीग को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्थगित करने का फैसला लिया है. हालांकि बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने राज्य क्रिकेट संघों को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि कोरोना की स्थिति नियंत्रित होने पर स्थगित किए गए टूर्नामेंट को हर संभव दोबारा शुरू करेगा. गांगुली ने लिखा, जैसा कि आप वाकिफ हैं, हमें वर्तमान में घरेलू क्रिकेट सीजन को कोरोना की खराब होती स्थिति की वजह से टालना पड़ा है. कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और कई टीमों में सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं. इससे खिलाड़ियों, अधिकारियों और टूर्नामेंट से जुड़े दूसरे लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है. पिछले महीने गांगुली खुद कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की सुरक्षा में चूक, मंच पर चाकू लेकर चढ़ा युवक

**ऊधम सिंह नगर।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। काशीपुर में एक शख्स छुरा लेकर रावत के मंच पर पहुंच गया। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं में अफरातफरी मच गई।पुलिस ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर चाकू लहराने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आनन-फानन कार्यकर्ताओं ने शख्स को पकड़कर उससे छुरा छीना। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच, हल्दूचौड़ (नैनीताल) में आयोजित सभा में रावत ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर तमाम सरकारी विभागों में भर्तियां शुरू होंगी। मातृशक्ति को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुए उन्हें घर बैठे आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। वहीं अन्य कार्यक्रम में रावत ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने पांच सालों में कोई काम नहीं किया।

# पीएम मोदी से पहले ही ममता ने कर दिया कोलकाता के अस्पताल का उद्घाटन

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोलकाता में चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (सीएनसीआई) के दूसरे कैंपस का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मोदी की धुर विरोधी मानी जाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह कहते हुए विवाद को हवा दे दी कि वह इसका उद्घाटन पहले ही कर चुकी हैं। मोदी ने हालांकि ममता के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान केंद्र और राज्य सरकार के साझे प्रयास से 534 करोड़ में बनकर तैयार हुआ है। बजट में केंद्र सरकार का हिस्सा 75त्न और राज्य का 25त्न है। ऐसे में ममता के बयान के बाद सवाल उठ रहे हैं कि जिस संस्थान के लिए केंद्र सरकार ने तीन-चौथाई राशि दी है, उसका उद्घाटन उन्होंने केंद्र को सूचना दिए बिना कैसे कर दिया ममता ने



वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम की मौजूदगी में कहा, ÷केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मुझे दो बार फोन किया था आने के लिए। इसलिए मैंने सोचा कि कोलकाता के प्रोग्राम, जिसमें प्रधानमंत्री ने रुचि दिखाई है उनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगी कि इसका उद्घाटन हमलोगों ने पहले ही कर दिया है। जब कोविड हुआ था और हमें कोविड सेंटर की जरूरत थी तो मैं उधर गई थी और चितरंजन हॉस्पिटल के दूसरे कैंपस को देखा तो पाया कि इससे प्रदेश सरकार भी जुड़ी हुई है और उसमें हमलोगों ने सेंटर बना दिया था। ममता बनर्जी के बयान से ही साफ है कि इसका औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ था बल्कि कोविड संक्रमण की पिछली लहर में इसका इस्तेमाल कोविड सेंटर के रूप में किया गया था। ममता बनर्जी के पहले उद्घाटन कर देने वाले बयान पर प्रधानमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अपनी सरकार द्वारा आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए की गई पहलों का उल्लेख करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना आज एक सस्ती और समावेशी योजना के रूप में दुनिया के लिए एक आदर्श है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत देशभर में दो करोड़ 60 लाख से ज्यादा मरीज, अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा चुके हैं। नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश के मेडिकल कॉलेजों में आज की करीब डेढ़ लाख सीटों में 66 प्रतिशत संख्या पिछले सात साल में जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या 90 हजार के आसपास थी और पिछले सात वर्षों में इनमें 60 हजार नई सीटें जोड़ी गई हैं।

## हेयर ड्रैसर जावेद हबीब को महिला के बालों में थूकना पड़ा भारी, केस दर्ज, मांगी माफी

**मुजफ्फरनगर।** भारत के अव्वल दर्जे के हेयर ड्रैसर जावेद हबीब का महिला के बाल काटने के दौरान सिर पर थूकना काफी भारी पड़ गया। हेयर स्टाइलिस्ट के खिलाफ मामले में मुजफ्फरनगर में केस दर्ज हुआ है। जावेद ने एक सेमिनार में महिला के बालों में थूका था। जिसके बाद सोशल मीडिया में इसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया था। महिला ब?यूटिशियन की शिकायत पर मंसूरपुर थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह मुकदमा 355,504 आपीसी, 3 महामारी अधिनियम संबंधी धाराओं में दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो में जावेद हबीब महिला को बता रहे हैं कि बाल गंदे हैं। इसके बाद वो महिला के बालों में कंघी करते हुए बोलते हैं कि अगर बालों में पानी की कमी है तोज इतने में वो महिला के बालों पर थूकते हैं और कहते हैं कि थूक में जान है। बता दें कि बड़ौत में रहने वाली पूजा गुप्?ता ने बाद में इसका विरोध किया था। इसकी शिकायत उन्?होंने मुख्?यमंत्री पोर्टल पर भी की। पूजा एक ब?यूटी पार्लर चलाती हैं। वह पति के साथ किंग विला होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। यहीं पर जावेद ने उनके बालों में थूका था। यह भी कहा था कि पार्लर में पानी न हो तो थूक से काम चला सकते हैं। घटना के तूल पकड़ने के साथ जावेद हबीब ने गुरुवार देर रात इंस्?टाग्राम पर माफी मांगी। उन्?होंने अपने कहे शब्?दों को वापस लिया और खेद जताते हुए कहा, 'मेरे सेमिनार में कुछ वर्ड्स को लेकर कुछ लोगों को ठेस पहुंची है। हमारे सेमिनार प्रोफेशनल होते हैं। ये लंबे शो होते हैं और इसे ह्यूमरस बनाना होता है। मगर क्या बोलूं, एक ही बात बोलता हूं, दिल से। अगर सच में ठेस पहुंची है तो माफ कर दो।



## प्रियंका गांधी कल लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान पर करेंगी वर्चुअल बात

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के चलते कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपना वर्चुअल अभियान शुरू किया है। प्रियंका गांधी कल दोपहर 2 बजे अपने फेसबुक पेज और यूट्यूब पेज पर लाइव जुड़ कर लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान पर बात करेंगी और जनता से भी सवाल लेंगी। बता दें कि कांग्रेस के कैंपेन लड़की हूं लड़ सकती हूं मैराथन दौड़ को रद्द कर दिया गया है। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। कांग्रेस पार्टी की तरह से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में लड़की हूं लड़ सकती हूं मैराथन दौड़ कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर अगली सूचना तक कैंसिल कर दिया गया है।देश के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर कई पार्टियां वर्चुअल रैली पर मंथन कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने तो चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर यह मांग की है कि बड़ी रैलियों पर रोक लगाई जाए। कोरोना के खतरे को देखते हुए कांग्रेस ने चुनाव आयोग से वर्चुअल रैली पर जोर देने की मांग की है।



## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू के निर्देश पर राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी बने भरत सिंह चौहान

श्री सूरजपाल अम्मू जी राष्ट्रीय अध्यक्ष व कौर कमेटी के निर्देशानुसार श्री रविन्द्र सिंह पवैया राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के द्वारा करणी सेना राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी के पद पर भरत सिंह चौहान जी को मनोनीत किया गया है यह दायित्व श्री उम्मेद सिंह करीरी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना श्री सूरजपाल अम्मू जी के निर्देश पर श्री रविंद्र सिंह पवैया राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के द्वारा दिया गया है करणी सेना में पूर्व में सामाजिक कार्य व हिंदुत्व की भावनाओं की ओर उनकी लगन एवं मेहनत को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया इस पर श्री भरत सिंह चौहान जी ने बताया कि आज मुझे करणी सेना पंजीकृत में राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया मैं हर संभव प्रयास करूंगा जिससे करणी सेना नाम अपनी ऊंचाइयों पर पहुंच सके भरत सिंह चौहान जी के द्वारा अपने करणी सेना (पंजीकृत) के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं उन्हें धन्यवाद दिया करणी सेना।





# पीएम की सुरक्षा में चूक को लेकर प्रदर्शन कर रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक के विरोध में शाहजहांपुर में मशाल जुलूस निकालने वाले भाजपा और हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले इलाके के थानेदार को हटा दिया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। मामले की जांच चल रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। आरोप है कि मशाल जुलूस निकालने वालों को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया था। इससे नाराज कार्यकर्ता कोतवाली गेट पर धरने पर बैठ गए थे। पार्टी के कई बड़े नेताओं के पहुंचने से मामला गर्माया और पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने की मांग पर गुरुवार की देर शाम तक हंगामा चलता रहा था। एसपी



ग्रामीण संजीव बाजपेई व सीओ से कार्यकर्ताओं ने धक्का-मुक्की भी की थी। राष्ट्रीय आह्वान पर गुरुवार को भाजपा, भाजयुमो और हिन्दू वाहिनी के कार्यकर्ता मशाल जुलूस निकालकर शहीद कुटी पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सभी भारत माता की जय और पंजाब के सीएम को बर्खास्त करो के नारे लगा रहे थे। भाजपा विस्तारक निखिल चौधरी व हिन्दू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता का आरोप है कि मशाल जुलूस के दौरान कोतवाल रविंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ आए और बिना कुछ पूछे उन पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने उन्हें व कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। भाजपा नेताओं ने किसी तरह खुद को बचाया। इसके बाद सभी वार्ता करने के लिए कोतवाल के कार्यालय में गए।

## न्यूज़ ट्रैक....

### मुंबई इंडियंस की ओर से खेलना चाहते हैं प्रशांत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा को टेस्ट क्रिकेट पसंद है और उनके पसंदीदा क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर हैं। सचिन के कारण ही वह मुंबई इंडियंस की ओर से खेलना चाहते हैं। प्रशांत ने तमिलनाडु के साथ हुए विजय हजार ट्राफी के फाइनल में अपनी शानदार बल्लेबाजी से हिमाचल को जीत दिलाई थी। प्रशांत ने इस पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये। इस सलामी बल्लेबाज ने विजय हजारे ट्रॉफी के इस सत्र में 57 की औसत से 8 मैचों में कुल 456 रन बनाये हैं। इसके अलावा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 5 मैचों में 148 रन बनाये हैं। प्रशांत की पसंदीदा बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन है और इस बल्लेबाज की तमन्ना विद्या के साथ डिनर डेट पर जाने की है। इस क्रिकेटर का मानना है कि महेन्द्र सिंह धोनी सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं।

### केकेआर फ्रेंचाइजी से मेरा अलग रिश्ता : शुभमन

**कोलकाता ।** युवा क्रिकेटर शुभमन गिल को इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिटेन नहीं किया है पर इस बल्लेबाज ने कहा है कि अगर अवसर मिले तो वह हमेशा ही इस टीम से खेलना चाहेंगे। गिल इस समय फिट नहीं होने के कारण खेल से बाहर हैं। केकेआर ने आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर और वरूण चक्रवर्ती को बरकरार रखा है। गिल ने कहा कि मेरा केकेआर फ्रेंचाइजी से जिस तरह का रिश्ता है, वो मेरे लिए सचमुच खास है। उन्होंने कहा कि एक बार आप किसी एक फ्रेंचाइजी से जुड़ जाते हो तो आप उसी के साथ जुड़े रहना चाहते हो और हमेशा उसी के लिए ही खेलना चाहते हो। अगर मुझे केकेआर की ओर से खेलने का विकल्प मिलता है तो मैं हमेशा इसके लिए खेलना चाहूंगा। आईपीएल 2018 से पहले शुभमन को 1.8 करोड़ रूपये में खरीदा गया था। उन्होंने पहले ही सत्र में 13 मैचों में 146.04 के स्ट्राइक रेट से 203 रन बनाए थे हालांकि बाद में उनका स्ट्राइक रेट कम हो गया जिससे उनकी रन बनाने की गति कम हो गयी।

### एकदिवसीय विश्व कप से पहले बल्लेबाजी में निरंतरता लाना चाहती हैं मंधाना

**गुरूग्राम ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना की नजरें एकदिवसीय विश्व कप पर लगी हैं। मंधाना इससे पहले अपनी बल्लेबाजी में और निरंतरता लाना चाहती हैं। मंधाना के अनुसार वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पायी थीं हालांकि उसके बाद इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के दौरों पर अच्छी बल्लेबाजी कर अपना फार्म हासिल कर लिया। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में महिलाओं की बिग बैश लीग में भी मंधाना का प्रदर्शन शानदार रहा था जिसमें उन्होंने एक शतक भी जड़ा था। वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलती हैं और भारतीय टीम की कप्तानी की दावेदार है। माना जा रहा है कि विश्व कप के बाद जब टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान मिताली राज खेल को अलविदा कहेंगी तब मंधाना को ही कप्तानी मिलेगी। इस बल्लेबाज के अनुसार निरंतरता बनाए रखने के लिए थोड़ा स्वार्थी भी होना भी पड़ता है। मंधाना ने कहा कि कोविड-19 के बाद लय हासिल करना कठिन था क्योंकि मैं डेढ़ साल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही थी।

# 29 साल में पहली बार जोहान्सबर्ग में हारा भारत

**कप्तानी के डेब्यू पर फेल हुए लोकेश राहुल; सीरीज 1-1 से बराबरी पर**

**जोहान्सबर्ग ।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच जोहान्सबर्ग में खेला गया दूसरा टेस्ट साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीत लिया। अफ्रीका के सामने 240 रनों का टारगेट था, जिसे उसने आसानी से 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जीत के साथ ही अफ्रीकी टीम ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया है। भारत की जोहान्सबर्ग के मैदान पर 29 सालों में ये पहली हार है। जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में भारतीय टीम की 29 सालों में ये पहली हार है। टीम इंडिया ने इस मैदान पर पहला टेस्ट साल 1992 में खेला था। वो मैच ड्रॉ रहा था। इस मुकाबले से पहले भारत ने यहां खेले 5 टेस्ट मैचों में से दो में जीत हासिल की थी, जबकि 3 मुकाबले ड्रॉ हुए थे। 29 साल में साउथ अफ्रीका की टीम कभी भी भारतीय टीम को मात नहीं दे पाई है, लेकिन गुरुवार को ये सिलसिला भी टूट गया। अनफिट विराट कोहली की गैरमौजूदगी में केएल राहुल ने पहली बार कप्तानी की और इस मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### भारतीय गेंदबाजों ने निराश किया

अफ्रीका के सामने 240 रनों का टारगेट था। टीम इंडिया के बॉलर्स से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन अफ्रीकी टीम ने भारत के जीत के सपने को पूरा नहीं होने दिया। पहले विकेट के लिए एल्गर और एडेन मार्करम ने 47 रन जोड़े। इस साझेदारी को शार्दूल ठाकुर ने मार्करम (31 रन) को आउट कर तोड़ा। कीगन पीटरसन 28 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर आउट हुए। द्र ने दूसरा विकेट 93 पर गंवाया था। तीसरे विकेट के लिए टीम इंडिया को लंबा इंतजार करना पड़ा। रैसी वान डेर डूसेन का विकेट मोहम्मद शमी के खाते में आया। डूसेन का कैच पहली स्लिप में चेतेश्वर पुजारा ने पकड़ा। वह 40 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तीसरे विकेट के लिए एल्गर और डूसेन ने 159 गेंदों पर 82 रन जोड़े। हालांकि डूसेन के विकेट तक भारत की वापसी के रास्ते बंद हो चुके थे।

### तीसरे दिन भारतीय बल्लेबाजी रही फ्लॉप

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने पहली पारी में केवल 202 रन बनाए थे। केएल राहुल 50 और आर अश्विन 46 रन को छोड़ कोई खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। अफ्रीका के लिए मार्को जेन्सन के खाते में 4 विकेट आए। द्र ने पहली पारी में 229 रन बनाए और 27 रनों की बढ़त हासिल की। टीम इंडिया दूसरी पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी और 266 पर सिमट गई। अजिंक्य रहाणे ने 58 और चेतेश्वर पुजारा ने 53 रन बनाए। तीसरे दिन भारत के बल्लेबाजों ने काफी निराश किया। टीम ने सिर्फ 29 रनों के अंदर पुजारा, रहाणे और ऋषभ पंत के अहम विकेट गंवाए, जो कहीं न कहीं भारत की हार का कारण भी रहा। टीम इंडिया के लिए पूरे मैच में शार्दूल ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने 7 विकेट चटकाए और दूसरी पारी में भी उनके खाते में 1 विकेट आया।



# द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को सराहा

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के बाद माना है कि मेजबान टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट जीता था पर दक्षिण अफ्रीकी टीम ने दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की है। जोहान्सबर्ग टेस्ट में भारतीय टीम को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। मैच के बाद द्रविड़ ने माना कि दक्षिण अफ्रीकी टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इसी कारण यह मैच भारतीय टीम के हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज, वॉन्डरर्स की पिच से ज्यादा उछाल हासिल करने में सफल रहे। मेजबान टीम के गेंदबाजों ने भारतीय टीम को दो पारियों में 202 और 266 रनों पर ही रोक दिया था। भारतीय गेंदबाजा चौथी पारी में 240 रन भी नहीं बना पाये। इससे भारतीय टीम को मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा।

द्रविड़ ने कहा, गेंद ने ज्यादा उछाल लिया। ऐसा लंबाई और विकेट पर ज्यादा असमान उछाल के कारण हुआ। अधिक लंबाई होने से भी अंतर पड़ता है। उनके पास अधिक लंबाई का फायदा था। वहीं हमारे गेंदबाजों ने आगे गेंदबाजी की। साथ ही कहा कि अफ्रीका की जीत में उसके कप्तान डीन एल्गर की अहम भूमिका रही। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को संभाला और अंत तक डटे रहे। वहीं द्रविड़ ने भारतीय बल्लेबाजों से कहा कि उन्हें अहम अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा यह जरूरी है कि बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाएं और बड़ा स्कोर बनायें। वहीं भारतीय टीम के कप्तान लोकेश राहुल ने भी माना है कि पहली पारी में खराब बल्लेबाजी के कारण अंतर आया। इस मैच की पहली पारी में भारतीय टीम ने पहली पारी में 202 रन बनाए थे। राहुल ने कहा था कि भारतीय टीम को यहां करीब 60 रन ज्यादा बनाना चाहिए थे। भारतीय बल्लेबाजी की बात करें तो पहली पारी में 202 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर नहीं बना पायी।

### जीत का सही तरीका नहीं जानता : एल्गर

**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद कहा कि वह नहीं जानते की जीत दर्ज करने का सही तरीका क्या है। एल्गर के 96 रनों की जिम्मेदारी भरी पारी से ही दूसरे टेस्ट मैच में मेजबान टीम ने भारतीय टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी पर आ गयी है। भारतीय टीम से मिले जीत के 240 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए द.अफ्रीकी टीम ने शुरुआती तीन विकेट खो दिये थे पर एल्गर एक छोर पर जमे रहे और उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने में सफलता हासिल की। एल्गर ने जीत के बाद कहा कि मुझे नहीं पता कि क्रिकेट मैच जीतने का सही या गलत तरीका क्या है पर यह मूल बातें सही करने के बारे में है। साथ ही कहा कि अब हम बड़े हुए मनोबल के साथ केपटाउन जाएंगे। यह हमारे लिए आसान काम नहीं था।




# हरमीत देसाई व दीया चितले ने जीता एकल खिताब

**इन्दौर ।** म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में अभय प्रशाल में आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप (सेन्ट्रल ज़ोन) में पुरूष एकल का खिताब पीएसपीबी के हरमीत देसाई व महिला एकल खिताब 5वीं वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र की दीया चितले ने अपने नाम कर स्वर्णिम सफलता अर्जित की। बंगाल के अंकुर भट्टाचार्य व हरियाणा की सुहाना सैनी ने क्रमशः यूथ बालक व बालिका वर्ग के खिताब जीते।

गुरूवार को पुरूष एकल फायनल में हरमीत देसाई ने गुजरात के मानुष शाह को (4-3) 11-9, 11-8, 8-11, 7-11, 6-11, 11-6, 11-5 से शिकस्त दी। वहीं महिला एकल फायनल में दीया चितले ने दूसरी वरीयता प्राप्त पीएसपीबी की रीत ऋषि को (4-3) 7-11, 11-7, 8-11, 12-10, 7-11, 12-11, 11-8 से हराया। यूथ बालक फायनल में अंकुर भट्टाचार्य ने महाराष्ट्र के दीपित पाटिल को (4-2) 11-5, 3-11, 11-5, 12-10, 4-11, 11-9 से तथा सुहाना सैनी ने तमिलनाडु की नित्याश्री मणि को (4-2) 11-5, 18-16, 4-11, 11-8, 11-7 से हराकर स्वर्णिम सफलता अर्जित की। पुरस्कार वितरण म.प्र. ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मैंदोला के मुख्य आतिथ्य व राष्ट्र मंडल टेटे महासंघ के महासचिव एम.पी. सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों को 8 लाख रुपए की नगद ईनामी राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर भारतीय टेटे महासंघ के सीईओ धनराज चौधरी व उपाध्यक्ष ओम सोनी विशेष अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में म.प्र. टेटे संघ के महासचिव जयेश आचार्य, एन. गणेशन, नीलेश वेद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## व्यापारन्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे चढ़कर 74.31 पर



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे चढ़कर 74.31 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.41 पर खुला और पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे बढ़कर 74.31 पर आ गया। रुपया गुरुवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 74.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.21 पर आ गया। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के कारोबारी सूत्रों ने कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रॉन स्वरूप और आर्थिक पुनरुद्धार पर इसके प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ने तथा कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपए की धारणा प्रभावित हुई।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**मुंबई ।** बीते 64 दिन से पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि शुक्रवार को क्रूड ऑयल की कीमत में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम शुक्रवार को रिकॉर्ड लेवल की ओर बढ़ रहे हैं। क्रूड ऑयल के दाम 82 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा पर कारोबार कर रहा है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। वहीं नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।

### शुरू होगी 14 से किया केरेन्स की बुकिंग

**नई दिल्ली ।** कार बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी किया इंडिया भारत में अपनी किया केरेन्स को लॉन्च के लिए तैयार है। ऐसे में कंपनी की तरफ से इसकी आधिकारिक बुकिंग 14 जनवरी 2021 से शुरू की जा रही है। यह गाड़ी भारतीय बाजार में 6-सीटर और 7-सीटर जैसे दो मॉडलों में लॉन्च होगी। लॉन्च के बाद इसका सीधा और कड़ा मुकाबला मारुति सुजुकी अर्टिगा से लेकर महिंद्रा एक्सयूवी700 और टाटा सफारी जैसी गाड़ियों से होगा। हाल ही में इसका ब्राउसर लीक हो गया है। ऐसे में लीक रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी इसे 5 वैरिएंट्स में लॉन्च कर सकती है। इनमें प्रीमियम, प्रेस्टीज, प्रेस्टीज प्लस, लग्जरी और लग्जरी प्लस शामिल हो सकते हैं। कंपनी इसे तीन इंजन के साथ भारतीय बाजार में उतार सकती है। इनमें 1353 सीसी का जीडीआई पेट्रोल इंजन, 1497 सीसी का डीपीएफआई पेट्रोल इंजन और 1493 सीसी का जीआरडीआई डीजल इंजन शामिल हैं। इसमें 2-व्हील ड्राइव मिलता है। इसमें 45 लीटर की क्षमता वाला फ्यूल टैंक मिलता है। इसके सभी व्हीलर्स में डिस्क ब्रेक मिलता है। बेहतर राइड के लिए इसके फ्रंट में एमसी फेरसन स्ट्रूट के साथ क्वाइल स्प्रिंग और रियर में कपल्ड टॉर्शन बीम एक्सेल के साथ क्वाइल स्प्रिंग सस्पेंशन मिलता है।ट्रांसमिशन की बात करें तो इसके सभी इंजन में 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन बतौर स्टैंडर्ड मिलता है।

**मजबूती के साथ खुले बाजार**

# सेंसेक्स 330 अंक तेज, निफ्टी 17,800 के पार

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों और आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में बढ़त के कारण प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 335 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक 335.30 अंक की तेजी के साथ 59,937.14 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 101.80 अंक बढ़कर 17,847.70 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त टाइटन में हुई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, पॉवर ग्रिड, कोटक बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एचडीएफसी, इंफोसिस, डॉ. रेड्डीज, एमएंडएम और मारुति लाल निशान में आ गए। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 621.31 अंक



की गिरावट के साथ 59,601.84 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 179.35 अंक टूटकर 17,745.90 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने गुरुवार को 1,926.77

### सोना और चांदी में गिरावट



**मुंबई ।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में सोना और चांदी फ्लैट कारोबार कर रहे हैं। जहां सोना रिकॉर्ड उच्च स्तर से 8800 रुपए प्रति दस ग्राम सस्ता होकर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर चांदी रिकॉर्ड उच्च स्तर से करीब 20 हजार रुपए सस्ती होकर कारोबार कर रही है। विदेशी बाजारों में तो सोने की कीमत में करीब 4 डॉलर की तेजी देखने को मिल रही है। जबकि चांदी के दाम 22 डॉलर से ऊपर ही हैं। घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिल रही है। सुबह सोने के दाम 33 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी के साथ 47484 रुपए प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले सोने की कीमत 47451 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं दूसरी ओर घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी की कीमत में गिरावट देखने को मिल रही है। आंकड़ों के अनुसार सुबह चांदी की कीमत 56 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 60370 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी।

### ओमिक्रॉन से भारतीय अर्थव्यवस्था खतरे में

**नई दिल्ली ।** देश में लगातार कोविड-19 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले सामने आ रहे हैं। यही कारण है कि घरेलू रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित करते हुए घटा दिया है। एजेंसी का कहना है कि कोरोना तीसरी लहर से चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 0.4 फीसदी घटकर 5.7 फीसदी रह सकती है। भारत समेत दुनियाभर में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बीच चालू वित्त वर्ष में भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ के अनुमान को घरेलू रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कम कर दिया है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि ओमिक्रॉन के संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए?एहतियात के तौर पर कई?राज्यों ने पाबंदी लगानी शुरू कर दी है। इससे आर्थिक और कारोबारी गतिविधियों पर असर पड़ेगा, जिससे चालू वित्त वर्ष के लिए?विकास दर 0.10 फीसदी तक घटकर 9.3 फीसदी रह सकती है। एजेंसी ने जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटाते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि बीते 15 दिनों में नए मामलों की संख्या में तेजी आई है। ऐसे में संक्रमण की तेज रफ्तार के चलते चौथी तिमाही में देश की विकास दर 5.7 फीसदी पर आ सकती है।

### ओमिक्रॉन की जांच के लिए टाटा की मेड इन इंडिया किट

**नई दिल्ली ।** कोरोना वायरस के नए

### मेक्रोटेक डेवलपर्स के शेयर में तीन फीसदी बढ़त

**नई दिल्ली ।** रियल्टी क्षेत्र की कंपनी मेक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। यह वृद्धि दिसंबर की तिमाही में कंपनी के बिक्री आंकड़ों में 40 फीसदी के इजाफे के कारण हुई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.23 फीसदी वृद्धि के साथ 1,240 रुपए पर पहुंच गया और एनएसई पर 3.18 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,238.30 रुपए पर पहुंच गया। मेक्रोटेक डेवलपर्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि घरों की अधिक मांग के चलते दिसंबर में समाप्त तिमाही में बिक्री 40 फीसदी बढ़ गई। उसने कहा कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बिक्री का आंकड़ा 2,608 करोड़ रुपए रहा जो एक वर्ष पहले इस अवधि में 1,862 करोड़ रुपए था।

### रिलायंस की अगुआई में डंजो ने जुटाए 24 करोड़ डॉलर

**बेंगलूरु ।** गूगल समर्थित क्विक कॉमर्स कंपनी डंजो ने 24 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। यह रा?शि रिलायंस रिटेल की अगुआई में जुटाई गई। इस दौर में मौजूदा निवेशकों लाइटबॉक्स, लाइटरॉक, 3 एल कैपिटल और अल्टीरिया कैपिटल ने भी हिस्सा लिया। 20 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ रिलायंस रिटेल के पास 25.8 फीसदी हिस्सेदारी होगी। जानकारी के मुता?बिक इस दौर की फंडिंग के बाद डंजो का मूल्यांकन 80 करोड़ डॉलर के पार निकल गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2021 में कंपनी का मूल्यांकन 30 करोड़ डॉलर था। रिलायंस ने कहा कि फंडिंग का मौजूदा दौर डंजो की क्षमता और खास यूजर एक्सपेरिएंस में कामयाबी पर मौजूदा व नए निवेशकों के भरोसे को फिर से स्थापित करता है। इस पूंजी का इस्तेमाल देश के सबसे बड़े क्विक कॉमर्स बिजनेस के डंजो के विजन में होगा, जो आवश्यक सामान की तीव्र डिलिवरी में सक्षम बनाएगा, वहीं बी2बी कारोबार का भी विस्तार होगा। इस फंडिंग से डंजो को एमेजॉन, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट, स्विगी, जोमैटो, टाटा समर्थित बिगबास्केट और क्विक ग्रोसरी डिलिवरी प्लेटफॉर्म जेप्टो से प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। डंजो के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि शुरू से ही हम बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करते रहे हैं और इस दौर की फंडिंग हमारे इस तरीके को वैधता प्रदान करता है।



# पीएम की सुरक्षा चूक पर भाजपा ने गांधी प्रतिमा के सामने दिया मौन धरना

### राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**मुरैना।** पंजाब के भटिंडा से फिरोजपुर के हुसैनीवाला मार्ग पर प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री के काफिले के सामने लाकर प्रधानमंत्री की जान के लिए खतरा पैदा किया गया। जिसके विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाल निकेतन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने मौन प्रदर्शन किया। सभी कार्यकर्ता यहां मौन साधकर बैठे रहे। इसके बाद इस पूरे मामले में दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को भी सौंपा गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रताप धाकड के नेतृत्व में बाल निकेतन में इकट्ठा हुए। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा की चूक पर मौन धारण कर विरोध प्रकट किया। इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रपति से मांग की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का गौरव हैं। लेकिन जब गत 5 जनवरी को प्रधानमंत्री हुसैनीवाला शहीदो को श्रद्धांजलि देने जा रहे थे तो ओवर ब्रिज पर उनके काफिले का रास्ता प्रदर्शनकारियों ने अवरुद्ध कर दिया। जिसकी वजह से पूरा काफिला ब्रिज पर ही 20 मिनट तक फंसा रहा। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह इलाका पाकिस्तान बॉर्डर से महज 30 किमी दूर है। जहां कोई भी अनहोनी हो सकती थी। यहां राष्ट्र के नायक के प्राणों को संकट में डालने का प्रयास कोई भी देशद्रोही ताकतें कर सकतीं थी। यह पंजाब सरकार की अक्षमता का सबसे बड़ा उदाहरण है। पंजाब सरकार का यह कृत्य राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन तो है ही, साथ ही यह कृत्य पंजाब सरकार के राष्ट्र विरोधी चरित्र को भी उजागर कर रहा है। इसलिए इस पूरे मामले की जांच कराई जाए। वहीं इसमें दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो सके। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, पिछडा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर पटेल, उपाध्यक्षगण कमलेश कुशवाह, इंद्रजीत यादव, संजय शर्मा, महामंत्रीगण अरविंद सिकरवार, चारुकृष्ण डंडोतिया, भावना जालौन, मंत्री अरुण परमार, कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार, सोसल मीडिया प्रभारी दिलीप डंडोतिया, मंडल अध्यक्षगण सोनू शर्मा, अनूप जैन, नितिन गुप्ता, दिलीप मिश्रा मोर्चा अध्यक्षगण सोनू परमार ,रीना डंडोतिया, परवेज खान, दिलीप पिप्पल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजामोर्चा राकेश खटीक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा राहुल पचौरी, ब्रजकिशोर डंडोतिया, दिनेश पुर, तृप्ति कुलश्रेष्ठ, सहित पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताजन उपस्थित थे।



## आंगनबाडी केंद्र पर किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**झुण्डपुरा।** नगर के विभिन्न आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाडी केंद्र वार्ड 12 शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय गढी पर डॉ अनिल गर्ग के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आंगनबाडी केंद्र पर दर्ज बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर जांच की गई। इस अवसर पर डॉ अनिल गर्ग ने जांच कर बच्चों और अविभावकों को खान-पान, स्वच्छता तथा स्वच्छ जल के विषय में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता ज्योति शर्मा, ममता जाटव सहित अविभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## 10 जनवरी तक 15 से 18 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत वेक्सीनेशन कराए

**पहाड़गढ।** जनपद के जंगल ग्रामीण अंचल में शत-प्रतिशत कोविड बैक्सीन 15 से 18 वर्ष के सभी बच्चों को लगे, यह सुनिश्चित करने हेतु जनपद की सभी पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायक



घर-घर पहुंच कर बच्चों की लिस्ट तैयार करें। वहीं उनके बैक्सीन स्कूल में लगी है या नहीं देखे और बैक्सीन लगवाने मे मदद करें। साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठकर लिस्ट बनाएं। उक्त लिस्ट 10 जनवरी सोमवार तक अनिवार्य रुप से जनपद मे भेजें। उक्त बात साप्ताहिक बैठक मे जनपद सीईओ आर के गोस्वामी ने कही। बैठक मे शिक्षा विभाग से शिक्षा अधिकारी माखन सिंह धाकड के अलावा पंचायतों से सचिव, रोजगार सहायक, जनपद पीसीओ सहित जनपद के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**मुरैना।** देश-प्रदेश में कोविड-19 के पॉजिटिव केसेज की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बी.कार्तिकेयन पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों को यथावत रखते हुए अतिरिक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेयन ने कहा कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी आदेश अनुसार जिले में सभी प्रकार के मेले जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, वे प्रतिबंधित रहेंगे। इसी प्रकार जिले में विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों के मिलाकर अधिकतम 250 लोगों की उपस्थिति की अनुमति रहेगी। आयोजन के दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनेटाईजर के इस्तेमाल का पालन किया जाना अनिवार्य है। अंतिम संस्कार, उठावना में अधिकतम 50 व्यक्तियों को अनुमति रहेगी। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। जिले में सभी सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का उपयोग किया जाना बंधनकारी रहेगा। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी ऐसे क्षेत्रों जहां संक्रमण को रोकने के लिए, कंटेनमेंट जोन घोषित कर आवश्यक प्रस्ताव देंगे।

# रेड रिबन क्लब ने एचआईवी/एड्स पर आयोजित की प्रतियोगिताएं




**अम्बाह।** जय हिन्द विस्मिल महाविद्यालय अम्बाह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत गठित रेड रिबन क्लब के द्वारा एचआईव्ही/एड्स विषय पर प्रश्न मंच एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आरकेएस तोमर थे। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक अशोक सिंह तोमर, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हरिओम शर्मा, सहायक प्राध्यापिका सुमिता चौहान, पूरन सिंह, आलोक तोमर, वासुदेव त्यागी, एमएलडी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा आदि मौजूद थे।

छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ तोमर ने कहा कि एड्स एक लाईलाज बीमारी है, जिसकी जानकारी ही बचाव है। एड्स का अभी तक कोई टीका नहीं बना है। शिक्षा और जानकारी ही एड्स का टीका है। एड्स फैलने के कारण और बचाव के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने सबाल-जबाब के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे में भ्राति एवं सच्चाई से भी अवगत कराया। महाविद्यालय के संचालक अशोक सिंह तोमर ने कहा कि एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने से, साथ बैठने, खाने से नहीं फैलता है। अतः एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के साथ उपेक्षित व्यवहार न कर सम्मानजनक और मित्रवत व्यवहार करें। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हरिओम शर्मा ने रक्तदान का महत्व बताते हुए युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

### प्रतियोगिताओं ये छात्र छात्राएं हुए सम्मानित

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुमन राठौर प्रथम, संजना द्वितीय और प्रश्न मंच में मोहन श्रीवास प्रथम तथा स्नेहा सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं।

# मछलियों को दाना डालकर किया मां चिल्लासन देवी का पूजन



**अम्बाह।** चम्बल यशगान यात्रा मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक नीलेश शर्मा ने गुरुवार को अपने साथियों के साथ तँवर घार की कुलदेवी माँ चिल्लासन का पूजन कर चंबल नदी पर स्वछता अभियान चलाकर आरती की। इसके साथ ही चम्बल में मछलियों को आटा और दाना भी खिलाया। इस मौके पर नीलेश शर्मा ने समस्त चम्बल वासियों से आग्रह किया कि सभी लोग विशेष मौकों पर अनावश्यक खर्चा न कर लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि अभी कोविड महामारी में लोग आर्थिक रूप से बहुत परेशान है इसलिए सभी पक्षियों व मछलियों को दाना खिलायें, पशुओं को चारा खिलायें, कोई गरीब भूखा हो तो उसको भोजन खिलाएं। इसके साथ ही सर्दी में गरीबों को कम्बल उडाये और नदी में जलीय जीवों को भोजन दें ,चीटियों,आवारा पशुओं का भी ध्यान रखें, जिससे इस धरा पर कोई भी भूखा ना सोए।

# प्रतिभा सम्मान समारोह के असली नायक हैं आशीष जैन



(अजय जैन, वरिष्ठ पत्रकार)

**अंबाह।** अखिल भारतीय जैन समाज के प्रतिभा संपन्न बच्चों का राष्ट्रीय स्तर का सम्मान समारोह चंबल की पवित्र माटी अतिशय क्षेत्र सिहोनिया जी में 2 जनवरी को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन अपने आप में एक बेमिसाल आयोजन था, जिसमें देश भर से आए जैन समाज के बच्चों ने चंबल अंचल की उज्जवल तस्वीर को करीब से देखा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दानदाताओं एवं मेहनत करने वाले लोगों ने दिन-रात एक कर दिया था। इन सब नामों के बीच एक नाम सिंहोनियां के विकास के लिए समर्पित सम्माननीय शख्सियत आशीष जैन सोनू का भी है। जिन्होंने बिना किसी सम्मान की चाह में अपनी सादगी पूर्ण दिनचर्या के साथ इस आयोजन की सफलता के लिए दिन-रात एक कर दिया था। उनके द्वारा दिन-रात की गई मेहनत एवं आपसी सामंजस्य के बदौलत ही यह आयोजन सिंहोनियां जैसे छोटे गांव में सफलतापूर्वक तरीके से संपन्न हो सका। संपूर्ण आयोजन के दौरान भोजन, मंच, आवास, सम्मान सहित जितनी भी व्यवस्था थी उन सब का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन आशीष जैन सोनू के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने बिना किसी सम्मान की चाह में व बिना किसी मंच की चाह में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। यही वजह रही कि शहर के वातावरण से लगभग 35 किलोमीटर दूर यह विशाल आयोजन बिना किसी परेशानी के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जैसवाल जैन समाज में आशीष जैन सोनू ने समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रियता से अपनी अलग पहचान बनाई है। दरअसल उनके पिता स्वर्गीय मुन्ना लाल जैन ने उन्हे व्यवसाय के साथ-साथ समाजसेवा की भी प्रेरणा दी थी। अपने पिताजी की इसी सीख की बदौलत आज उनका नाम अंचल के प्रमुख समाजसेवियों में गिना जाता है। आशीष जैन सोनू व्यवसाय के साथ-साथ समाजसेवा के काम में वर्षो से अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे सिंहोनियां में भव्य मंदिर निर्माण के साथ-साथ सार्वजनिक कार्यों में भी भरपूर समय देकर लोगों की मदद करने के साथ-साथ समाज के लोगों की भलाई के काम में भी अपनी हिस्सेदारी निभाते हैं। उनकी दिन-रात की मेहनत की बदौलत ही आज अतिशय क्षेत्र सिंहोनियां जैन तीर्थ क्षेत्रों की सूची में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका अदा करके चंबल अंचल की जैन समाज का नाम गौरवान्वित किया है।

नाम की चाह से दूर आशीष जैन सोनू अपने समाजसेवा के कार्यो का प्रचार-प्रसार करने के बजाए गोपनीय ढंग से अपना अभियान का संचालन करना अधिक पसंद करते हैं।

# चम्बल ने पहली पारी की बढत के आधार पर जीता फाइनल



**मुरैना।** इंदौर में आयोजित ए डब्ल्यू कनमाडीकर बॉयज अंडर 13 डे टूर्नामेंट के फाइनल मैच में चंबल टीम ने भोपाल से यह मैच पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत लिया है। इस जीत पर चम्बल डिविजन के संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया, अध्यक्ष प्रशांत मेहता, सचिव तस्लीम खान ने पूरी टीम को बधाई दी व साथ ही उन्होंने सभी प्लेयर्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मैच में चम्बल डिवीजन की टीम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौनों पारियों में यशबर्धन 140 रन, पारस कुमार 106 रन की मदद से दूसरी पारी में भोपाल टीम को 286 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की टीम यशवर्धन 7 विकेट की गेंदगाजी के आगे टिक न सकी। जिसके चलते चम्बल की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया। टीम की इस जीत पर चंबल डिवीजन के अध्यक्ष प्रशांत मेहता एवं सचिव तस्लीम खान ने पूरी टीम के साथ सहयोगी नवेद खान, अश्वनी तौमर, जितेंद्र शर्मा को भी बधाई दी है। इस अवसर पर तस्लीम खान ने अंडर-13 के चेयरमैन नवेद खान, सुनील राजोरिया एवं समस्त चयनकर्ताओं को एक अच्छी टीम बनाने के लिए बधाई दी।

# सीएम हेल्पलाइन का निराकरण न करने पर अधिकारियों का दो दिन का वेतन कटेगा: कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम की वीसी में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा सर्वोपरि है। इसमें जिस विभाग की सीएम हेल्पलाइन का निराकरण का प्रतिशत सबसे कम पाया जाये तो उन अधिकारियों का दो-दो दिन का वेतन काटा जायेगा। यह निर्देश उन्होंने शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि मुख्यमंत्री की वीसी में मुरैना जिले का परफार्मेंश अच्छा होना चाहिये। मुरैना जिला प्रदेश के अन्तिम बॉटम पर आया तो अधिकारियों की खैर नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को बारी-बारी से उनके विभाग में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि 100 दिवस और दिसम्बर 2021 में प्राप्त होने वाली सीएम हेल्पलाइनों को अधिकारी प्राथमिकता देंवे। इस अवसर पर उन्होंने 10 जनवरी से पहले सीएम हेल्पलाइन निराकरण करने का प्रत्येक अधिकारियों से लक्ष्य भी पूछा। कलेक्टर ने 100 दिवस की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान 972 शिकायतें समस्त विभागों की लंबित पायी गई है। जिसमें जौरा जेएसओ की 342 शिकायतें लंबित थी। इस पर कलेक्टर ने अप्रशन्नता व्यक्त करते हुये सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों ने सोमवार तक स्वेच्छा से सीएम हेल्पलाइन निराकरण करने की संख्या नोट करायी है, वे अधिकारी समय-सीमा में निराकृत नहीं करते है तो उन अधिकारियों का दो-दो दिन का वेतन काटा जायेगा।

## जिला शिक्षाधिकारी का दो दिन का वेतन काटने के निर्देश

**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन गुरूवार को देर रात्रि तक कोविड वैक्सीनेशन की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान स्कूली बच्चों की जानकारी समय पर उपलब्ध न कराने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षाधिकारी सुभाष शर्मा के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि मुझे ऐसी उम्मीद नहीं थी कि शिक्षाधिकारी छात्र-छात्राओं की जानकारी समय पर नहीं दे पायेंगे। इस संबंध में उन्होंने सुभाष शर्मा को कारण बताओ नोटिस और दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, कोविड वैक्सीनेशन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के 15 से 18 वर्ष तक के बच्चे शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण होने चाहिये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताई बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, समस्त जनपद सीईओ, सीएमएचओ, शिक्षा और बीएमओ उपस्थित थे।

# 2022 में कई मौके

कई अच्छी और बुरी यादें देकर 2021 गुजर चुका है और हम आज 2022 में खड़े हैं। बीते कल की ओर देखने के बजाए हमें 2022 में उन चुनौतियों और कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे आगे की राह तैयार होगी। अभी सबसे बड़ी चुनौती कोरोना महामारी है। 2021 का साल कोरोना के लिहाज से अच्छा नहीं रहा, अब 2022 की शुरुआत में भी महामारी का असर खत्म होने के बजाय और बढ़ता हुआ ही दिख रहा है। ऐसे में यह मानना सरासर गलत होगा कि 2022 में इंसानों को एक बार फिर कोरोना से नहीं गुजरना होगा। हालांकि, भारत के पास इस साल कई नए मौके, उपलब्धियां और सकारात्मक लक्ष्य होंगे, जिनसे देशवासियों को काफी उम्मीदें हैं। 2022 में भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर केंद्र सरकार ने अमृत महोत्सव मनाने का एलान किया है। इसके तहत सरकार अपने लोगों का इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करेगी। महोत्सव 12 मार्च 2021 को शुरू किया गया था। यानी भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस से 75 हफ्ते पहले। यह समारोह 15 अगस्त 2023 तक चलेगा। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत महोत्सव का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने इस महोत्सव को भारत के नागरिकों को समर्पित किया था। 2022 में भारत में राष्ट्रपति चुनाव भी होने हैं। यह देश के 17वें राष्ट्रपति चुनाव होंगे। मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जुलाई 2022 तक इस पद पर रहेंगे। संविधान के अनुच्छेद 56(1) के तहत राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच साल का होगा। इसके बाद राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे। भारत में इस साल कुल सात राज्यों के चुनाव होने हैं। जहां फरवरी और मार्च के बीच उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में चुनाव होने हैं, तो वहीं साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव आयोजित होंगे। यह सभी विधानसभा चुनाव भाजपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ताकत परखने का भी मौका होंगे। मौजूदा समय में यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा की सरकार है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ पंजाब है। यानी विपक्षी दलों के पास इस चुनाव में पाने के लिए काफी कुछ है। इस लिहाज से सभी राज्यों में चुनाव क्षेत्रीय दलों के पास राष्ट्रीय दलों के खिलाफ पकड़ बनाने का मौका हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव राज्यसभा में भी भाजपा की स्थिति तय करेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ने 2022 में दो मानवरहित मिशन पूरे करने की योजना बनाई है। इसके बाद एजेंसी की तरफ से साल के अंत में गगनयान मिशन भी लॉन्च किया जाना है, जो कि भारत की अंतरिक्ष भेजा जाने वाला पहला मानव मिशन होगा। पहले ये मिशन 2021 में ही भेजने की योजना थी, पर कोरोना महामारी के चलते इसमें देरी हुई है। इससे पहले भारत 2022 की शुरुआत में ही मानवरहित मिशन लॉन्च कर देगा। इसके साथ रोबोट्स के भेजे जाने की संभावना है, जिन्हें वायुमित्र नाम दिया गया है। इसके अलावा भारत ने 2022-23 के बीच चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग का लक्ष्य भी रखा है। विदेश के मोर्चे पर भी यह साल भारत के लिए काफी अहम साबित होने वाला है। भारत इस साल जी20 की अध्यक्षता संभालेगा। कोरोना महामारी के बीच भारत के पास दुनिया को अपने नजरिए से परिचित कराने का यह अहम मौका होने वाला है। जी20 के लगभग सभी नेताओं से मोदी के बेहतरीन रिश्ते रहे हैं। हालांकि, अगर जी20 की बैठक निजी तौर पर होती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास सीधे तौर पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने और भारत-चीन सीमा पर चल रहे विवाद को खत्म करने का मौका होगा।

# मायके के दखल से दाम्पत्य संबंध टूट रहे हैं।

**विजय कुमार जैन**

भारतीय संस्कृति में मनुष्य के जीवन में सोलह संस्कारों का उल्लेख ऋषि मुनियों ने किया है। सोलह संस्कार हमारी प्राचीन वैदिक संस्कृति के प्रेरणादायक संस्कार हैं।इन सोलह संस्कारों में एक प्रमुख पाणिग्रहण संस्कार या वैवाहिक संस्कार माना जाता है। युवक युवती के विवाह संस्कार के पूर्व जन्म पत्रिका गोत्र आदि मिलान की व्यवस्था है। इन सबकी अनुकूलता पंडित या ज्योतिषी द्वारा देखकर माता पिता एवं परिजनों को बतायी जाती है, तभी परिजन विवाह सम्पन्न कराने आगे बढ़ते है। वर्तमान में वैवाहिक संबंध स्थापित करने युवक युवतियों द्वारा परिजनों को नजरअंदाज करके रिश्ते बना लिये जाते है। पढ़ाई के बाद लड़के लड़की एक ही कंपनी में नौकरी करने लगते हैं, वहाँ उनके बीच प्रेम संबंध प्रगाढ़ हो जाते हैं और वे माता पिता परिवार को नजरअंदाज कर विवाह कर लेते हैं। इस व्यवस्था को हम आधुनिकता की अंधी चकाचौंध या पाश्चात्य संस्कृति को दोषी मान सकते है। प्रेम विवाह या मन पसंद विवाह युवक युवती बिना सोच विचार किये कर लेते है। जिनका दुखद परिणाम यह होता है कि वैवाहिक जीवन जब तक चलता है उसमें आत्मीयता एवं सौहार्द समाप्त हो जाता है। वैवाहिक संबंध विच्छेद के लिये न्यायालय की शरण में भी जाना पड़ता है। जब तक वैवाहिक संबंध विच्छेद नहीं हो जाता, दोनों पक्षों में कटुता का वातावरण रहता है। जो युवक युवती विदेश जाकर नौकरी करने जाते है उनके परिजन यहाँ उन्हें उचित रिश्ता तलाशते ही रह जाते हैं वह विदेश में ही विवाह कर लेते है। विदेश में विवाह करते है उनमें अधिकांश में संबंध विच्छेद होते है। विदेशों में वैवाहिक संबंधों को कपड़ों की तरह बदलते रहते है। पति और पत्नी दोनों नौकरी करते है, ऐसी स्थिति में उनके वच्चों का पालन पोषण कौंन करे, दोनों ही नौकरी करते हैं, नौकरी छोड़कर पत्नी वच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहती है। वच्चों को लेकर ही संबंध विच्छेद हो जाते हैं। वैवाहिक संबंधों में कडवाहट एवं सुखी दाम्पत्य जीवन न होने के लिये युवती के मायके पक्ष को भी प्रमुख रूप से दोषी माना जा रहा है। मायके बालों के निरंतर हस्तक्षेप से सौहार्द पूर्ण जीवन में खटास बढ़ रहीं है। भोपाल की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान अभी तक हजारों प्रकरणों में यह तथ्य सामने आए है कि विवाह के बाद मायके बाले अपनी लड़की के लगातार संपर्क में रहते है। मोबाइल फोन की भूमिका भी प्रमुख है। लड़की की उसकी माँ से दिन भर में अनेक बार बात होती है। हर छोटी बड़ी बातों में माँ का हस्तक्षेप होने से विवाह के उपरांत ससुराल आई लड़की अपने पति और ससुराल पक्ष के साथ भावनात्मक रिश्ता ही नहीं बना पाती है। मायके बालों के निरन्तर हस्तक्षेप से लड़की पहले दिन से ही ससुराल को अपनत्व की दृष्टि से नहीं देखती है। शादी के अनेक माहों बाद भी वह अपनी माँ एवं मायके बालों से



निरंतर जुड़ी रहती है। उनके ही निर्देश पर वह काम करती है। जिसके कारण हजारों परिवार बसने के पहले ही बिखरने लगते है। पति-पत्नी के बीच तलाक की नौबत आ जाती हैं।

मोबाइल पर ज्यादा बात करने के कारण मायके और ससुराल बीच लड़की की जिन्दगी झूल रही है। मोबाइल फोन रिश्तों को बनने के पहले ही बिगाड़ रहा है। शादी के बाद लड़की ससुराल पहुंचती है।सबसे ज्यादा बात वह अपने मायके वालों और माँ से करती है। पति और ससुराल की हर बात को वह मायके से शेयर करती है। मायके वाले उसको ज्यादा से ज्यादा अधिकार सम्पन्न बनाने और हर किसी को अपनी उंगलियों पर नचाने के नुस्खे देते रहते है। जिसके कारण नव दंपति के बीच में भी वह रिश्ता नहीं बन पाता है,जो एक पति पत्नी के लिए जरूरी होता है।इसके साथ ही पत्नी के रूप में शादीशुदा लड़की अपना घर भी नहीं बना और बसा पाती है। जिसके लिए उसने शादी की है। इस तरह के मामलों में काउंसलर की भूमिका भी कोई असर नहीं कर पा रही है। कुटुंब न्यायालय में काउंसलिंग के दौरान तलाक के लिए 50 फीसदी से अधिक मामलों में मायके वालों के लगातार नियमित हस्तक्षेप के कारण रिश्ते टूटने की बात कहीं गई है। हर छोटी-बड़ी बात में मायके के लोग हस्तक्षेप करते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने में पहले ससुराल पक्ष की प्रमुख भूमिका रहती थी। विवाह के बाद घर आई नई नबेली बहू को इस आरोप से प्रताड़ित किया जाता रहा है कि तेरे मायके बालों ने दहेज में कार,टी व्ही,कूलर, वाँशिग मशीन,पर्याप्त बर्तन नहीं दिये हैं। ससुराल बाले दहेज न आने के आरोप मायके बालों पर लगाकर बहू को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे हैं। सरकार ने दहेज विरोधी कानून बनाया तो इस कानून के प्रावधान इतने कठोर हैं कि इस कानून का दुरुपयोग होने के भी प्रकरण चर्चा में आये हैं। दहेज विरोधी कानून का उपयोग मायके बाले ससुराल पक्ष पर कर रहे हैं। दिगम्बर जैन आचार्य विद्या सागर जी महाराज के पटु शिष्य समाज सुधारक संत मुनि सुधासागर जी महाराज का कहना है युवा पीढ़ी में भटकाव प्राश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से आ रहा है। आपका कहना है अपने पुत्र या पुत्री के जीवन में आये भटकाव के लिये सबसे ज्यादा दोषी माता-पिता हैं। माता पिता अपने बच्चों को स्वच्छंद कर देते हैं और वे भविष्य की चिंता न कर क्षणिक प्यार के जाल में फसकर अंधे हो जाते हैं। मुनि सुधा सागर जी का स्पष्ट कहना है सहशिक्षा एवं लड़कियों को नौकरी कराने की आम मानसिकता से युवा पीढ़ी पथ भ्रष्ट, संस्कार विहीन हो रही है।

## व्रत पालन से ही जीवन में मिलती है सफलता

व्रत से अभिप्राय नियम, कानून अथवा अनुशासन से है। जिस जीवन में अनुशासन का अभाव है वह जीवन निर्बल है। नीति का मतलब है जीवन अस्त-व्यस्त न हो, शांत और सबल हो। नीति के अनुसार व्रत पालन से अद्भुत बल की प्राप्ति होती है। रावण के विषय में विख्यात है कि वह दुराचारी था किंतु वह अपने जीवन में एक प्रतिज्ञा से आबद्ध था। उसका व्रत था कि वह किसी नारी का बलात्कार नहीं करेगा, उसकी इच्छा के विरुद्ध नहीं भोगेगा यही कारण था वह सीता को हरण करके ले तो आया किंतु उसका शील भंग नहीं कर पाया। इसका कारण केवल उसका व्रत था, उसकी प्रतिज्ञा थी। यद्यपि यह सही है कि सीताजी के साथ बलात्कार का प्रयास भी करता तो भस्मसात हो जाता किंतु ऐसा करने से उसकी प्रतिज्ञा ने उसे रोक लिया। निरतिचार शब्द बडे मार्के का शब्द है। व्रत के पालन में कोई गड़बड़ी न हो तो आत्मा और मन पर एक ऐसी छाप पडती है कि खुद का तो निस्तार होता ही है, अन्य भी जो इस व्रत और व्रती के सम्पर्क में आ जाते हैं, वे भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। जैसे कस्तूरी को अपनी सुगन्ध के लिये किसी तरह की प्रतिज्ञा नहीं करनी पड़ती, उसकी सुगन्ध स्वत? चारों ओर व्याप्त हो जाती है, ऐसे ही इस व्रत की महिमा है। आज हम मात्र शरीर के भरण-पोषण में लगे हैं। व्रत, नियम और अनुशासन के प्रति भी हमारी रुचि होनी चाहिये। अनुशासन विहीन व्यक्ति सबसे गया-बीता व्यक्ति है। अरे भैया! तीर्थंकर भी अपने जीवन में व्रतों का निर्दोष पालन करते हैं। हमें भी करना चाहिये। हमारे व्रत ऐसे हों जो स्वयं को सुखकर हो और दूसरों को भी सुखी करें।

# क्या मनमोहन को भी कराने चाहिये थे महामृत्युंजय जाप

**भूपेन्द्र गुप्ता**

पंजाब के फीरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान सड़क मार्ग से यात्रा करते समय एक फ्लाईओवर पर उनके काफिले को रोकने के प्रयास पर प्रधानमंत्री की एक टिप्पणी ने राजनैतिक भूचाल ला दिया है। जहां पर उनके काफिले को कथित रूप से करीब 20 मिनट फ्लाईओवर पर रुकना पड़ा और अंततः प्रधानमंत्री ने अपना दौरा रद्द कर दिल्ली वापस लौटने का फैसला किया।

वैसे तो दुनिया के हर देशों में ऐसी घटनायें घटतीं रहीं है जिन पर जांच भी हुई और दोषियों को सजायें भी हुईं किंतु इन्हें राजनैतिक प्रचार का मुद्दा नहीं बनाया गया। घटना ने रंग तब पकड़ा जब प्रधानमंत्री जी ने एयरपोर्ट पर लौटते समय एक पुलिस अधिकारी को यह कहा कि अपने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे देना कि मैं एयरपोर्ट तक जिंदा पहुंच गया।यह बयान मुख्यमंत्री पर कटाक्ष तो था ही किंतु उसकी तासीर आरोप लगाने जैसी थी। इस बयान के बाद तो जैसे देश की पूरी भाजपा पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी और कांग्रेस पर टूट पड़ी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने तो इसे सोनिया गांधी और गांधी परिवार की साजिश ही बता दिया। तरह-तरह की घृणास्पद टिप्पणियों से सोशल मीडिया भर गया। बिना जांच प्रधानमंत्री की टिप्पणियों ने राजनीतिक परिदृश्य को कटु बना दिया। देश में पहली बार किसी प्रधानमंत्री के काफिले में इस तरह की त्रुटि नहीं हुई है। इसे जानी बूझी शरारत भी नहीं माना जा सकता जैसा कुछ भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है। आखिरी चरण में हेलीकॉप्टर से जाने की बजाए सड़क मार्ग से इतनी लंबी यात्रा पर निकलने के कारण संभवतः यह परिस्थिति पैदा हुई, ऐसा मुख्यमंत्री चन्नी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा भी किया है ।प्रशासनिक रूप से केंद्र सरकार सीमा के 50किलोमीटर तक का क्षेत्र सीमा सुरक्षा बल को सौंप चुकी है,जहां राज्य सरकार का दखल नहीं बचा ,ऐसी परिस्थिति में बयानबाजी कोरी राजनीति बन गई है। घटना के बाद की दुर्लभ प्रतिक्रियाओं के प्रकाश में पूर्व में देश में हुईं कुछ ऐसी ही घटनायें उल्लेखनीय हैं। अहमदाबाद में अप्रैल 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अहमदाबाद के संस्कार केंद्र में एक समारोह में गये थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के ऊपर हेमंत चौहान नामक एक कथित भाजपा कार्यकर्ता द्वारा जूता फेंका गया था ।जिसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ा हुआ बताया गया था। हेमंत चौहान को गिरफ्तार कर एलिस ब्रिज पुलिस स्टेशन ले जाया गया ।उस समय श्री नरेंद्र मोदी ही गुजरात के मुख्यमंत्री थे किंतु सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक एवं हमले के बावजूद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ना तो तत्कालीन मुख्यमंत्री पर कोई टिप्पणी की ना ही अपना कार्यक्रम रद्द किया न देश भर में महामृत्युंजय का जाप हुआ।बल्कि उन्होंने विचलित हुये बिना अपने भाषण को भी जारी रखा। तब वहां भाजपा की ही सरकार थी,किंतु प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कोई अवांछित कमेंट नहीं किया।

यह भी स्मरण करना होगा कि उसी दिन अहमदाबाद में अपने आप को प्रधानमंत्री इन वेटिंग मानने वाले लालकृष्ण आडवाणी पर भी एक कथित साधु ने जूता फेंका उन्होंने भी तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर कोई तंज नहीं कसा और अपना कार्यक्रम जारी रखा।जिस महंत धर्मदास ने जूता फेंका था उसकी पहचान छुपाने का भी मामला उठा किंतु आडवाणी जी ने इस घटना पर किसी को आरोपित नहीं किया । एक और घटना में 4 नवंबर 2009 को जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जहाज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरने ही वाला था तब लैंडिंग के एन पहले उनके विमान के सामने चौपाया जानवर रनवे पर टहलते दिखाई दिया हालांकि जानवर तेजी से भागा और एक दुर्घटना टल गई ।एयरपोर्ट ऐसे अवसरों पर पूरी तरह स्थानीय एयरपोर्ट अथॉरिटी स्थानीय प्रशासन और एसपीजी के हवाले होता है। इस घटना पर भी प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बिना जांच ना तो अपनी प्रतिक्रिया दी ना ही अपना दौरा रद्द किया जबकि यहा पर तब अकाली दल की सरकार थी।इन घटनाओं का संदर्भ यहां इसलिए देना उचित प्रतीत होता है क्योंकि वे घटनाएं प्रधानमंत्री को सीधे-सीधे नुकसान पहुंचाने वाली थीं। इसी तरह 25 दिसंबर 2010 को जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह केरल के दौरे पर थे। तब कोट्टानेल्लूर हेलीपेड से प्रधानमंत्री का काफिला त्रिशूर की ओर जा रहा था।

# सवाल प्राथमिकता का....?

## सूडोकु नवताल- 5946

✱✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल -5945 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**विजय किस पर जरूरी....? कोरोना पर या चुनाव पर....?**

आज संक्रमण की विकट परिस्थिति में यह सवाल उठाया जा रहा है कि सरकार या राजनीतिक दल विजय प्राप्त करने में किसे प्राथमिकता दे.... चुनाव को या कोरोना संक्रमण को? वैसे यदि इस प्रश्न पर देश व्यापी मत संग्रह यदि कराया जाये तो जनता का फैसला कोरोना संक्रमण पर विजय में प्राथमिकता का ही होगा, किंतु आज देश का दुर्भाग्य यह है कि देश के राजनीतिक दल चुनाव विजय को प्राथमिकता दे रहे है और केवल प्राथमिकता ही नहीं दे रहे, चुनाव प्रचार के दौरान कोरोना को फैलने का पूरा मौका भी दे रहे है, नेतागण एक ओर जहां जनता को भीड़ से बचने की सलाह दे रहे है वहीं दूसरी ओर स्वयं चुनावी रैलियों में हजारों लोगों की भीड़ एकत्र कर रहे हैं, यह नेताओं की कथनी और करनी में फर्क का स्पष्ट उदाहरण है। अब ऐसी स्थिति में चुनावी राज्य इस गंभीर बीमारी के संक्रमण से सुरक्षित कैसे रह सकते है? .....और जहां तक चुनाव नियंत्रक चुनाव आयोग का सवाल है.... महज दिखावे मात्र के लिए उसे स्वतंत्र आयोग का संवैधानिक दर्जा है, वास्तव में करने को वह भी वहीं मजबूर है, जो प्रधानमंत्री जी चाहते है, इसीलिए वह मौजूदा माहौल में न तो चुनावों पर रोक लगा पा रहा है और न ही केन्द्र सरकार को समझा पा रहा है, अब ऐसी स्थिति में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है, वहां



के आम नागरिकों का जीवन काफी खतरे में है, लेकिन इससे सरकार या राजनीतिक दलों को क्या लेना-देना? उन्हें तो अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी से मतलब है? और सत्तारूढ़ दल भाजपा को अपने 'चक्रवर्ती सम्राट' बनने के लक्ष्य से मतलब है, फिर देश व देशवासियों का हश्र जो भी हो?

यह तो हुई सरकार व राजनीतिक दलों की प्राथमिकता से जुड़ी बात। अब यदि हम इसी चुनावी संदर्भ में हमारे संविधान के परिपालन की बात करें तो हमें यह देखकर काफी निराशा होगी कि आज की सरकारों व राजनीतिक दलों ने संविधान पुस्तिका का उपयोग केवल और केवल 'शपथ' तक ही सीमित कर दिया है, अर्थात् हमारे संविधान का भी वही हश्र हो रहा है जो हमारी धार्मिक पुस्तक श्रीमद्भगवत गीता का, गीताश्री की पुस्तक का उपयोग न्यायालयों में शपथ तक सीमित है, उसी प्रकार संविधान पुस्तिका का उपयोग मंत्रियों की शपथ तक सीमित होकर रह गया है, न तो आज गीताश्री में निहित भगवान श्री कृष्ण के उपदेश पढ़े जाते है और न ही संविधान के पन्ने पलट कर उनका देश में परिपालन हो पा रहा है। जबकि दूसरी ओर इसी संविधान में निहित भावनाओं का परिपालन भी नहीं हो पा रहा है, संविधान में स्पष्ट रूप से राजनीति को धर्म से अलग रखने की हिदायत दी गई है, जबकि आज की राजनीति पूरी तरह धर्म आधारित हो गई है और उसी के नाम पर वोट मांगे जो रहे है?

यही नहीं इससे भी बढ़कर एक और चलन। वह यह कि आज के सत्तारूढ़ दल जनता की गाढ़ी कमाई टेक्स के रूप में प्राप्त धन अपने चुनाव प्रचार पर खर्च कर रहे है, प्रतिदिन हजारों करोड़ के निर्माण कार्यों की घोषणा कर सत्तारूढ़ दलों द्वारा वाह-वाही लूटकर वोट प्राप्त करने की चाल चली जा रही है और इन गैर संवैधानिक कृत्यों को कोई भी रोकने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है, वह इसलिए क्योंकि रोकने वाले सभी संवैधानिक संगठनों को सरकार ने अपनी कठपुतली जो बना लिया है?

अब इन सब स्थितियों में आज जब सत्ता की राजनीति सभी पर भारी पड़ रही है तब देश व देशवासियों का भविष्य क्या व कैसा होगा, इसके बारे में कोई भी भविष्यवाणी करने की स्थिति में नहीं है। सत्तारूढ़ दलों की चिंता सत्ता विस्तार व उसे दीर्घजीवी बनाने की है तो देश की जनता की चिंता इन विषय परिस्थितियों में स्वयं को जिन्दा रखने की है।

# भारत से छुट्टियों की छुट्टी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत तो दुनिया का शायद एक मात्र देश है, जिसकी जनता साल में सबसे ज्यादा छुट्टियां मनाती है। मुंबई उच्च न्यायालय ने अपने ताजा फैसले में कहा है कि सार्वजनिक अवकाश कोई मौलिक अधिकार नहीं है। उसने उस याचिका को रद्द कर दिया है, जिसमें दादर-हवेली में 2 अगस्त की छुट्टी की मांग की गई थी। इसी दिन 1954 में पुर्तगाली शासन से वह मुक्त हुआ था। आजकल हमारे सरकारी दफ्तर शनिवार और रविवार को बंद होते हैं याने साल में 104 दिन की छुट्टी एकदम पक्की है। 24 छुट्टियां धार्मिक त्यौहारों की होती हैं। लगभग 30 छुट्टियों के कुछ और बहाने बन जाते हैं। इसके अलावा बाकायदा वैतनिक छुट्टियां 30 दिन और बीमारी की भी 15 दिन होती है। इनके साथ आकस्मिक छुट्टियां भी होती हैं। याने कुल मिलाकार साल भर में हमारे सरकारी कर्मचारी लगभग 200 दिन की छुट्टी ले सकते हैं। अर्थात उन्हें तब भी वेतन मिलता है, जबकि वे कोई काम नहीं करते। हम जरा दुनिया के सब समृद्ध और विकसित राष्ट्रों की तुलना भारत से करें तो हमें मालूम पड़ेगा कि वे राष्ट्र वैतनिक छुट्टियां कम से कम देते हैं। अमेरिका में 11, ब्रिटेन में 8, चीन में 7, यूरोप में 8 या 10, जापान में 16, मलेशिया में 19 और ईरान में 27 और नार्वे में सिर्फ 2 छुट्टियां होती हैं।

जिन राष्ट्रों में कर्मचारियों की तनखा ज्यादा होती है, उनकी सरकारें और कंपनियां उन्हें छुट्टियां भी कम देती हैं लेकिन जिन राष्ट्रों में तनखा कम होती है, उनमें ज्यादा छुट्टियां होती हैं। हमारे देश में ज्यादातर कर्मचारी दफ्तरों में पूरे समय डटकर काम भी नहीं करते। 7-8 घंटों में से वे अगर 4-5 घंटे भी रोज डटकर काम करें तो हमारा भारत दूनी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है। जो एक बार सरकारी नौकरी पा गया, उसे जीवन भर का बीमा मिल गया। यदि देश में छुट्टियां आधी कर दी जाएं और हर नौकरी के चलते रहने की हर पांच साल में समीक्षा होती रहे तो यह रेंगता हुआ भारत दौड़ने लगेगा।

भारत अपने आप को धर्म-निरपेक्ष कहता है लेकिन नेता लोग थोक वोट के लालच में हर धर्म और संप्रदाय की खुशामद में छुट्टियां करने पर उतारु हो जाते हैं। होली, दिवाली, ईद, क्रिसमस वगैरह के लिए आधे दिन की छुट्टी काफी क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या लोग को दिन भर घर में बैठकर घंटा-घड़ियाल बजाना होता है? अपने कर्तव्य-कर्म से बड़ी पूजा कोई नहीं है। इसका रहस्य हम सीखना चाहें तो अपने दुकानदारों से सीखें, जो चौबीसों घंटे अपने ग्राहकों की सेवा के लिए तैयार रहते हैं।

# परेड चौराहे से गोल मार्केट के बीच नहीं लगाए जाएंगे ठेले, धारा 144 लागू



भिण्ड । मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद भिण्ड द्वारा अवगत कराया है कि परेड चौराहा से गोल मार्केट के बीच रोड पर ठेले लगाये जाते है जो ठेले लगते है लगभग बीच रोड पर दोनो साईड करीबन 200 की संख्या में है। इनकी व्यवस्था हेतु नगरपालिका भिण्ड द्वारा अग्रसेन चौराहा के सामने नवीन हॉकर्स जोन का निर्माण कराया गया है जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 77 लाख आयी है। हॉकर्स जोन सर्व सुविधा युक्त टीनशेड, लाईट, पानी एवं शौचालय सहित बनाया गया है जिसकी आवंटन भी लॉटरी पद्धति द्वारा किया गया है। हॉकर्स जोन में कुल 234 ठेलों के लिय जगह ब्लॉक-ए. ब्लॉक-बी में चिन्हित कर आंवटित की गयी है। उक्त ठेले हॉकर्स जोन में नहीं जा रहे है परेड चौराहा से गोल मार्केट के बीच में बीच रोड पर लगने से आये दिन यातायात अवरुद्ध हो जाता है एवं विवाह समारोह तथा त्योहारों के समय नगरपालिका परिषद भिण्ड द्वारा कई बार दल बनाकर ठेलों को परेड चौराहा से गोल मार्केट के बीच पूर्व हटाये जाते रहे है किंतु ठेला वाले अपनी हठधर्मी के कारण बार-बार उक्त जगह पर लगाने के कारण यातायात अवरुद्ध हो जाता है जिससे आम जनता एवं व्यापारियों में आक्रोश की भावना प्रकट होती है। परेड चौराहा से गोल मार्केट के बीच, बीच रोड पर लगने वाले ठेलों के खिलाफ जनहित एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं यदि ठेले वाले ठेला नहीं हटाते है तब उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध करते हुये यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने की दृष्टि से परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य ठेले वालों पर कार्यवाही कर नवीन हॉकर्स जोन में ठेला लगाये जाने का प्रस्ताव पेश किया गया है। उक्त के संबंध में मेरे संज्ञान में भी यह आया है कि भिण्ड शहर में परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने फुटपाथ एवं रोड पर हाथ ठेले लगाये जाने से अनावश्यक रूप से आवागमन अवरुद्ध होता है एवं ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है साथ ही आम जनता एवं व्यापारियों में आक्रोश की भावना बनी रहती है जिससे बाजार में अप्रिय घटना होने का अन्देशा बना रहता है। ऐसी स्थिति में मैं आवष्यक समझता हूँ कि भिण्ड शहर के परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर फुटपाथ एवं रोड पर हाथ ठेला लगाये जाने को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की आवश्यक प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जावे। चूकि उपरोक्त परिस्थितियों के निवाणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों एवं संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रावधानों के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया जाकर दण्डप्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत भिण्ड शहर के परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य यातायात सुगम बनाये जाने की दृष्टि से प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य रोड पर ठेला व फुटपाथ पर अपने व्यापार का संचालन कर मार्ग में अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा। ठेला एवं फुटपाथ के माध्यम से व्यवसाय करने वाले व्यक्ति अपना कारोबार निर्धारित/चिन्हित हॉकर्स जोन में आवंटित स्थान पर ही करेंगे। परेड चौराहा से गोल मार्केट रोड पर अपने कारोबार का संचालन नहीं करेंगे। परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य स्थित प्रतिष्ठान संचालक अपनी दुकान/प्रतिष्ठान के सामने फुटपाथ पर एवं रोड पर ठेलों के माध्यम से कारोबार का संचालन नहीं करवाएंगे एवं अपनी दुकान/प्रतिष्ठान के सामने फुटपाथ पर एवं रोड पर ठेलों को खड़ा नहीं करवाएंगे। अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिण्ड, नगर पुलिस अधीक्षक भिण्ड, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भिण्ड संयुक्त रूप से भिण्ड शहर के परेड चौराहा से गोल मार्केट के मध्य रोड पर यातायात की सुगमता हेतु संचालित ठेले/फुटपाथ को हॉकर्स जोन में चिन्हित/आवंटित स्थल पर व्यवस्थित लगवायेंगे तथा सतत् निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील होगा।

## ब्राह्मण संघ के प्रदेश सचिव शर्मा ने लिया मृत्युभोज सीमित करने का संकल्प-कुरीतियों को समाप्त करने जागरूकता जरूरी : कटारे

भिण्ड। समाज मे व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लेकर



कार्य कर रहे श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के पदाधिकारी संघ के प्रदेश सचिव दीपक शर्मा के पिताजी सुरेश चंद्र शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गृह गांव पहुँचे। उन्होंने समस्त गांव वालों के सामने मृत्युभोज सीमित करने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सबसे पहले समाज के अंदर कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी है उसके लिए हमें आगे आना होगा, संघठन ने मृत्युभोज सीमित करवाने का जो संकल्प लिया है एक दूसरे के सहयोग से आज काफी हद तक लोगों को जागरूक किया जा चुका है लोग जागरूक हो रहे हैं और मृत्युभोज सीमित कर रहे हैं हमें इस संकल्प को पूरा करने के लिए अभी और अभियान चलाना है। संघठन के प्रदेश सचिव दीपक शर्मा ने कहा कि पिताजी के निधन पर हमने मृत्युभोज सीमित का निर्णय लिया है और शासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस को भी ध्यान में रखते हुए भोज कार्यक्रम करेंगे। श्री शर्मा के इस फैसले पर संगठन के पदाधिकारियों सहित वहाँ मौजूद सभी लोगों ने इस फैसले की सराहना की, इस दौरान श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी श्यामसुंदर कटारे, बृन्दावन उपाध्यय, केशव उपाध्याय, श्रीकृष्ण कटारे जिलाध्यक्ष, सीताराम नारोलिया, रमाकांत चौधरी, सूरेश कटारे, रिंकू कटारे, उज्ज्वल कटारे, परमानन्द तिवारी, बी के भार्गव, राधाचरण दूरवार, रामेश्वर दयाल चुरारिया, बिनोद उपाध्यय, छुटकन, भागवत सहाय, आदिराम शास्त्री चितौरा, राजेन्द्र कटारे, गिर्राज उपाध्याय, सुरेश बिरथरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं हुआ शांतिधाम का निर्माण, दो कर्मचारियों को नोटिस

भिण्ड । मनरेगा योजनान्तर्गत शांतिधाम निर्माण के लिए ग्राम मछण्ड के लिए राषि स्वीकृत किये जाने के उपरांत भी ग्राम में शांतिधाम का निर्माण ना कराये जाने के कारण ग्राम पंचायत मछण्ड के सच्चिव सियाराम तिवारी एवं जनपद पंचायत रौन के उपयंत्री सुरजीत मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में जवाब मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन को देने के निर्देष दिए है। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन ने नोटिस जारी कर कहा है कि मनरेगा योजनान्तर्गत प्रत्येक ग्राम में जनसुविधा की दृष्टिगत से शांतिधाम निर्माण कराया जाना था, जिसके लिये आपकी ग्राम पंचायत मछण्ड में भी वर्ष 2016-17 मे शांतिधाम निर्माण कार्य ग्राम मछण्ड में राशि 2.45 लाख रूपये का कार्य स्वीकृत कराया गया लेकिन ग्राम पंचायत में शांतिधाम का निर्माण आज दिनांक तक नहीं कराया गया है. आपको पूर्व में भी कार्यालयीन पत्र एवं समक्ष में शांतिधाम निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये जाते रहे है किन्तु आपके हटधर्मता के कारण उक्त कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया जिससे ग्राम पंचायत मछण्ड के ग्रामवासियों को दाहसंस्कार करने में परेशानी आ रही और ग्रामवासियों द्वारा शिकायत की जा रही है। आपके उक्त कृत्य से स्पष्ट है कि आप के द्वारा विना निर्माण कार्य किये हुये राशि को निकाल कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है जो कि वित्तीय गवन की श्रेणी में आता है।

### कोरोना की रोकथाम को दृष्टिगत नवीन अतिरिक्त दिशा निर्देश जारी

भिण्ड । म.प्र.शासन गृह विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के दिनांक 05 जनवरी, 2022 से राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के यथावत रखते हुये कोविड-19 के पॉजिटिव तथा एक्टिव केसेज की संख्या में तेजी से ब?ोत्तरी को दृष्टिगत रखते हुये नवीन अतिरिक्त दिशा निर्देश प्रसारित किये गये है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस द्वारा शासन दिशा निर्देशों के क्रम निम्नानुसार आदेश प्रसारित किये है। जिला अंतर्गत सभी प्रकार के मेले, जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 250 लोगों की उपस्थिति की अनुमति रहेगी। आयोजन के दौरान मास्क, सोशल डिस्टेसिंग, सैनेटाईजर के इस्तेमाल का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। अंतिम संस्कारध्उठावना में अधिकतम 50 लोगों के सम्मिलित होने की अनुमति रहेगी जिसमें मास्क एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। समस्त सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेसिंग आदि का पालन करना अनिवार्य होगा। मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होकर अन्य आदेश तक लागू रहेगा।

### कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कुछ कदम

भिण्ड । मास्क अनिवार्य रूप से पहनें कोरोना संक्रमण से बचने एवं प्रसार रोकने मास्क सबसे महत्वपूर्ण है। मास्क नहीं तो एंट्री नहीं, मास्क नहीं तो बात नहीं जैसे कदमों का उपयोग करें एवं अपने आस-पास भी मास्क पहनने जागरुकता लायें। सोशल डिस्टेंसिंग का सदैव पालन करें एवं ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगह जाने से बचें। हाथों को नियमित अंतराल पर धोते रहें या सेनेटाईजर का उपयोग करें। खुद भी पालन करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। कोविड संक्रमण के संबंधी किसी प्रकार की जानकारी एवं कोरोना संक्रमण संबंध किसी प्रकार की मदद हेतु डिस्ट्रिक्ट कोविड हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल कर जानकरी प्राप्त कर सकते हैं। 07534-1075, 07534-233311 टेलीमेडीसिन नम्बर 8349274001 डॉ. अवधेश सोनी 9893733695।

### कलेक्टर ने किये जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने वर्ष 2022 के लिए संपूर्ण जिला भिण्ड के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित कर दिए है। जिनमें 14 जनवरी 2022 शुक्रवार मकर संक्राति/पोंगल, 12 अगस्त 2022 शुक्रवार भुजरिया (रक्षाबंधन का दूसरा दिन) एवं 16 अक्टूबर 2022 बुधवार भाईदूज दीपावली शामिल है।

### करंट से मृत्यु हो जाने पर चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद एवं नायब तहसीलदार देहगांव के प्रतिवेदन पर निवासी ग्राम ककरपुरा मजरा पाली के भानसिंह पुत्र रामसिंह जाटव की विद्युत करेंट से मृत्यु हो जाने पर उनकी वैध वारिस पत्नी मीना बेबा भानसिंह जाटव निवासी ककरपुरा मजरा पाली को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# वैक्सीनेशन के बाद बिगड़ी छात्रा की तबीयत, ग्वालियर रैफर



भिण्ड। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जवासा में छात्राओं को टीकाकरण कराए जाने के दौरान एक छात्रा का स्वास्थ्य बिगड़ गया। छात्रा को उचित उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परंतु, स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों आगे के उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया है।

महेवा गांव में रहने वाली 11वीं की छात्रा कल्पना बघेल पुत्री राजवीर सिंह बघेल एमएमडी हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ाई करती है। गुरुवार की दोपहर छात्रा ने सरकारी हायर सेकंडरी स्कूल जवासा में कोविड वैक्सीन का टीका लगवाया था। टीकाकरण किए जाने के बाद छात्रा के शरीर में एक साइड दर्द शुरू होने लगा। इस बात की शिकायत जब छात्रा ने स्कूल प्रबंधन से की तो उसे अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। इसके बाद छात्रा ने पूरे शरीर में दर्द होने की शिकायत शुरू हो गई। प्राथमिक तौर पर इंजेक्शन का फोविया होने से घबराहट की बात कही जा रही थी। परंतु स्वास्थ में सुधार नहीं हुआ।

### ग्वालियर रेफर किया

चिकित्सकों ने 24 घंटे तक जिला अस्पताल में रखकर ट्रीटमेंट किया परंतु सुधार न होने पर ग्वालियर रेफर किया गया है। जवासा में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य टीकम सिंह कुशवाह का कहना है कि छात्रा घर से खाना खाकर आई थी और स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रों को केले और बिस्कुट का इंतजाम भी किया गया है। छात्रा को भर्ती कराए जाने के बाद शाम तक में अस्तपाल में रूका। आज शुक्रवार की सुबह छह बजे से फिर में अस्पताल पहुंच गया था। दोपहर में चिकित्सक विनीत गुप्ता ने छात्रा का स्वास्थ्य देखा। सुधार न होने पर ग्वालियर रेफर की सलाह दी है। छात्रा को ग्वालियर ले जाया गया। छात्रा के साथ उसकी मां, भाई समेत एमएमडी स्कूल के संचालक व प्राचार्य भी गए हुए है।

### इनका कहना है:

छात्रा के स्वास्थ्य की जांच करने पर पल्स, बीपी समेत अन्य पैरामीटर नार्मल आ रहे थे, परंतु धबराहट बनी हुई थी। उचित उपचार के लिए ग्वालियर की सलाह दी थी। परिजन, छात्रा को ग्वालियर ले गए।

**डॉ अनिल गोयल सिविल सर्जन**

## दो साल के मासूम बच्चे को अपहरण करने वाले आरोपीगण को आजीवन कारावास



भिण्ड। घर के बाहर खेल रहे मासूम का अपहरण करने वाले आरोपीगण को विशेष न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक मीडिया सेल प्रभारी कु. मनोरमा शाक्य द्वारा बताया गया कि 21 जुलाई 2016 को फरियादी चक्रेश जेन ने थाना गोरमी में रिपोर्ट लेख कराई कि वह गोरमी का निवासी है, फोटोग्राफी की दुकान करता है, आज दिनांक 21 जुलाई 2016 को सुबह साढे दस बजे उसका लडका निखिल उम्र 03 साल घर के बाहर खेल रहा था, उसे उसने घर की गैलरी में कर दिया और फोटोग्राफी के काम से सूरज फोटो स्टूडियों की तरफ चला गया एक घण्टे बाद घर लौटकर आया, पत्नी ऋतु से पूछा कि निखिल कहा है, वह बोली कि दुकान पर होगा , दुकान, घर सब जगह देखा, आसपास मौहल्ले में पता किया कहीं पता नहीं चला, संदेह है कि उसे कोई ले गया है, इस समय थाने पर अपने साथ सुरेन्द्र जेन व सुभाष थापक को लेकर रिपोर्ट करने आया है, कार्यवाही की जावें। जिसके आधार पर थाना गोरमी में अपराध क्रमांक 213/16 अंतर्गत धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा उक्त प्रकरण को चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज प्रकरणों की श्रेणी में चिन्हित किया गया। अभियोजन की साक्ष्य पर विश्वास करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दोषसिद्ध किया गया। दिलीप गुप्ता, विशेष न्यायाधीश (डकैती) जिला भिण्ड म0प्र0 द्वारा विचारण पश्चात् अभियुक्तगण राजकुमार, भरत उर्फ निक्की, अतुल शर्मा एवं रामवरन को भादवि की धारा 364-क सहपठित धारा 11/13 एमपीडीव्हीपीके एक्ट में प्रत्येक को आजीवन कारावास एवं 5000-5000 रूपये के अर्थदण्ड एवं समस्त अभियुक्तगण को भादवि की धारा 363 में प्रत्येक को 07-07 साल का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## बघेल समाज को मिली छात्रावास की सौगात

**विधायक ने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कर निर्माण कराया शुरू**



भिण्ड। शुक्रवार को बघेल समाज हर्षित दिखाई दे रहा था जब विधायक संजीव सिंह ने स्वतंत्र नगर पहुंचकर छात्रावास निर्माण कराने के लिए भूमिपूजन किया तो चारों ओर से विधायक संजीव सिंह के जयकारे लगने लगे। बता दें कि विधायक संजीव सिंह ने बघेल समाज को सामुदायिक भवन की सौगात दी है। यह सामुदायिक भवन 26.67 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा। जिसमें बघेल समाज अपने धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कर सकेंगे। विधायक कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्र नगर में अभी तक एक भी सामुदायिक भवन नहीं था। सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजन के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती थी, समाज के आयोजनों में दिक्कत होती थी। इस सामुदायिक भवन के बनने से लोगों को आयोजन करने में समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील बघेल ने की। इस अवसर पर सुनील बघेल बसपा प्रदेश प्रभारी अशोक बघेल, राजीव बघेल, दिलीप बघेल, कप्तान सिंह, देवेन्द्र बघेल, डॉ. महेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती संगीता बघेल, रामकेश बघेल, बदलू बघेल, नाथू बघेल, संजय बघेल, सत्यवीर बघेल, कैलाश बघेल, प्रेम बाबा, नरेन्द्र सिंह बघेल, सहित सैकड़ो बघेल समाज के लोग मौजूद रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर पहुंची जनपद रौन टीम, सीमांकन कर कराया शांतिधाम की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत जेके जैन ने ग्रामीण क्षेत्र में मुक्तिधाम की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत को संज्ञान में लेकर, मौके पर सीमांकन कर अवैध कब्जे को हटाने हेतु सीईओ जनपद पंचायत रौन को निर्देशित किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन आलोक प्रताप सिंह इटोरिया के नेतृत्व में जनपद अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति का पता लगाकर ग्राम मछण्ड में शांतिधाम की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर, शांतिधाम के निर्माण कार्य हेतु ले आउट दिया गया। शांतिधाम का कार्य शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही शांतिधाम बनकर तैयार हो जायेगा।

## ग्वालियर से भिंड जा रही बस में कंटेनर ने मारी टक्कर, ड्राइवर की मौत, आधा दर्जन घायल



भिण्ड। ग्वालियर से भिंड जा रही बस में नेशनल हाइवे 719 पर बूटी गुईया और गिल ढाबा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कंटेनर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि कंडक्टर घायल है। इसके अलावा बस में सवार आधा दर्जन लोगों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कंटेनर में फंसे ड्राइवर के शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। बस क्रमांक एमपी 30 पी 2171 शुक्रवार को सुबह ग्वालियर से भिंड के लिए रवाना हुई थी। सुबह कोहरा ज्यादा था, इसलिए बस का चालक वाहन को काफी संभालकर चला रहा था। बस जब नेशनल हाइवे 719 पर बूटी गुईया और गिल ढाबा के बीच थी कि तभी तेज रफ्तार कंटेनर क्रमांक एमएच 20 डीइ 6568 का चालक वाहन का संतुलन खो बैठा और कंटेनर सीधे बस से टकरा गया। इस हादसे में कंटेनर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। घटना में कंटेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंडक्टर को भी चोट आई है। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ड्राइवर का शव स्टेयरिंग एवं सीट के बीच में बुरी तरह से फंस गया है, जिसे निकालने के प्रयास किए जा रहे है।

## पिकअप वाहन की टक्कर से युवक की मौत

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के पातीराम शिवहरे पेट्रोल पंप के सामने से एक युवक जा रहा था, जिसे लोडिंग गाडी ने लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत 10 अक्टूबर रात 11 बजे वीरेन्द्र शाक्य निवासी पावई जिला भिण्ड जो क्षेत्र के पातीराम शिवहरे पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान लोडिंग क्रमांक यूपी75एम7828 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां गुरुवार शाम उसने दम तोड़ दिया।

# चुनाव निरस्त होने के बाद विभाग ने जारी किए थे आदेश, 3 दिन में बदला फैसला...

### पिछले आदेश को निरस्त करने के बाद हालांकि नए कोई आदेश जारी नहीं किया गया...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**भोपाल...** मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव को निरस्त कर दिया गया है। पंचायत चुनाव के निरस्त होने के बाद अब पंचायतों के संचालन पर लगातार संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा पंचायत के संचालन की जिम्मेदारी प्रधान प्रशासनिक समिति को सौंपी गई थी। जिसे 3 दिन में ही बदल दिया गया है। दरअसल 3 दिन के बाद सरकार ने प्रधान प्रशासनिक समिति से पंचायत संचालन की जिम्मेदारी को वापस ले लिया है।

ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश में 6 जनवरी को एक आदेश जारी किए गए थे। जिसके मुताबिकआदेश के मुताबिक पंचायत चुनाव निरस्त होने के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत के कार्य का संचालन प्रधान प्रशासन के समिति को सौंपा था। जिसके बाद सरपंच और सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से बैंक खातों के संचालन के अधिकार दिए गए थे। जनपद और जिला पंचायत स्तर पर व्यवस्था लागू कर दी गई थी। 3 दिन के बाद ही वापस से फैसले को बदल दिया गया है। हालांकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अपने फैसले को निरस्त कर दिया है।

इस आदेश के निरस्त होने के बाद एक बार फिर से मध्य प्रदेश में पंचायत के संचालन को लेकर संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पिछले आदेश को निरस्त करने के बाद हालांकि नए कोई आदेश जारी नहीं किया गया। पंचायत के संचालन की जिम्मेदारी किसे दी जाएगी। इस बात पर चर्चा गंभीर होती जा रही है। फिलहाल सरकार द्वारा इस




मुद्दे पर कोई भी बात सामने नहीं आई है। मध्य प्रदेश में मार्च 2020 में 22604 पंचायत में सरपंच और पंच का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 6774 जनपद पंचायत सदस्यों का भी कार्यकाल समाप्त हो चुका है जबकि 841 जिला पंचायत सदस्य कभी कार्यकाल पूरा हो चुका है। जिसके प्रदेश में पंचायत चुनाव आयोजित किए जाने थे। हालांकि ष्टश्रह्म्श्रठ्ठ की पहली और दूसरी लहर को देखते हुए प्रदेश में पंचायत चुनाव टाल दिए गए थे। वहीं तीसरी बार पंचायत चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मुद्दे पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची। सुनवाई के बाद पंचायत चुनाव निरस्त कर दिया गया था। चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद भी किसी न किसी कारण से चुनाव टलते रहे। जिसके बाद घोषित हुई आचार संहिता भी समाप्त कर दी गई है। पंचायतों का कार्य प्रभावित ना हो। इसके लिए पूर्व सरपंच को ही प्रधान बनाकर अधिकार दिए गए थे। इसके लिए शासकीय समिति बनाने की व्यवस्था भी की गई थी। अब सवाल यह उठता है कि सरकार द्वारा नए आदेश जारी नहीं किए गए हैं जबकि पुराने आदेश को भी निरस्त कर दिया गया है। ऐसे में पंचायत के संचालन की जिम्मेदारी किसे देगी। वहीं पंचायत में कार्य शैली का निर्धारण किस प्रकार से तय किया जाएगा।

## वन-टू-वन

### बाजरा खरीदी न करने व गौशाला चालू न करने के विरोध में किसान कांग्रेस 10 को ज्ञापन सौपेगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि किसान



कांग्रेस सोमवार 10 जनवरी को जिले में किसानों की बाजरा की फसल की खरीदी समर्थन मूल्य पर न करने व गौशाला चालू न करने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेड भिण्ड में कलेक्टर भिण्ड को जिला किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेंद्र भदौरिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौपेगी।किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने 10 जनबरी को दोपहर (1बजे)कलेक्ट्रेट कार्यालय पर कांग्रेस के सभी मोर्चे व संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारी और् कार्यकर्ताओं सहित जिले के सभी किसानो से एकत्रित होने का आग्रह किया है।

### मेहगांव के युवा समाजसेवी प्रेमनारायण तिवारी जी बने युवा संगठन के संभागीय सचिव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

ब्रम्हलीन आचार्य श्री प्रभाकर मिश्र जी , संगठन के अध्यक्ष श्री डॉ सुरेश चंद्र कौशिक जी बागपथ उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राजीव शर्मा जी बरिस्ट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री महावीर पण्डित जी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेंद्र दुबे जी धौलपुर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेंद्र शर्मा जी और प्रदेश सयोजक दीपक चौधरी श्री प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मार्कण्डेय शर्मा संभागीय ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम उपाध्याय जी द्वारा प्रदेश सचिव सौरभ बौहरे जी की अनुशंसा पर मेहगांव के युवा समाजसेवी प्रेमनारायण तिवारी जी को ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट का संभागीय सचिव मनोनीत किया गया है युवा संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर श्री प्रेम नारायण तिवारी जी को बहुत बहुत बधाई हो



# ब्राह्मण संघ के प्रदेश सचिव शर्मा ने लिया मृत्युभोज सीमित करने का संकल्प

### कुरीतियों को समाप्त करने जागरूकता जरूरी- कटारे-

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** समाज मे व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के पदाधिकारी संघ के प्रदेश सचिव दीपक शर्मा के पिताजी सुरेश चंद्र शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गृह गांव पहुँचे, उन्होंने समस्त गांव वालों के सामने मृत्युभोज सीमित करने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सबसे पहले समाज के अंदर कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी है उसके लिए हमें आगे आना होगा, संघठन ने मृत्युभोज सीमित करवाने का जो संकल्प लिया है एक दूसरे के सहयोग से आज काफी हद तक लोगों को जागरूक किया जा चुका है लोग जागरूक हो रहे हैं और मृत्युभोज सीमित कर रहे हैं हमें इस संकल्प को पूरा करने के लिए अभी और अभियान चलाना है। संघठन के प्रदेश सचिव दीपक शर्मा ने कहा कि पिताजी के निधन पर हमने मृत्युभोज सीमित का



निर्णय लिया है और शासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस को भी ध्यान में रखते हुए भोज कार्यक्रम करेंगे। श्री शर्मा के इस फैसले पर संगठन के पदाधिकारियों सहित वहाँ मौजूद सभी लोगों ने इस फैसले की सराहना की, इस दौरान श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी श्यामसुंदर कटारे, बृन्दावन उपाध्यय, केशव उपाध्याय, श्रीकृष्ण कटारे जिलाध्यक्ष, सीताराम नारोलिया, रमाकांत चौधरी, सूरेश कटारे, रिंकू कटारे, उज्ज्वल कटारे, परमानन्द तिवारी, बी के भार्गव, राधाचरण दूरवार, रामेश्वर दयाल चुरारिया, बिनोद उपाध्यय, छुटकन, भागवत सहाय, आदिराम शास्त्री चितौरा, राजेन्द्र कटारे, गिर्राज उपाध्याय, सुरेश बिरथरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया



### बघेल समाज को मिली छात्रावास की सौगात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने भिण्ड शहर के नगरपालिका क्षेत्र के स्वतंत्र नगर में छात्रावास निर्माण कराने के लिए भूमिपूजन किया। विधायक संजीव सिंह ने बघेल समाज को सामुदायिक भवन की सौगात दी है। यह सामुदायिक भवन 26.67 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा। जिसमें बघेल समाज अपने धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कर सकेंगे। विधायक कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्र नगर में अभी तक एक भी सामुदायिक भवन नहीं था। सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजन के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती थी, समाज के आयोजनों में दिक्कत होती थी। इस सामुदायिक भवन के बनने से लोगों को आयोजन करने में समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील बघेल ने की। इस अवसर पर सुनील बघेल बसपा प्रदेश प्रभारी अशोक बघेल,राजीव बघेल,दिलीप बघेल,कप्तान सिंह, देवेन्द्र बघेल, डॉ. महेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती संगीता बघेल,रामकेश बघेल, बदलू बघेल,नाथू बघेल,संजय बघेल, सत्यवीर बघेल,कैलाश बघेल,प्रेम बाबा,नरेन्द्र सिंह बघेल सहित सैकड़ो बघेल समाज के लोग मौजूद रहे।



### 5 दिन से शवानो को खिलाएं जा है गुल गुले

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** ~भावी कस्बे में इन दिनों सर्दी के तेज तेवर के चलते शवानो के लिए गुल गुल बनाकर खिलाये जा रहे है समाजसेवी प्रेम सरगरा ओर गणपत सीरवी ने बताया कि इस माह के सर्दी का असर बहुत तेज रहा जिसके चलते जीव जंतुओं के लिए जीवन पर काफी असर पड़ा ,जिसको लेकर जनसहयोग से शवानो के लिए गुड़ और तेल द्वारा गुल गुल बनाकर पुरे कस्बे में शवानो के लिए गुल गुल खिलाये जा रहे है जो करीब 5 दिन तक कार्य चल रहा है इस मौके पर प्रेम सरगरा,गणपत लाल सीरवी,शंकर दास सीरवी नवयुवक मंडल अध्यक्ष जगदीश सीरवी, सम्पत माली,महेंद्र सीरवी,ढगलाराम पीडियार, सुरेश वैष्णव,लकमण सरगरा,बाबुलाल सरगरा,घनश्याम सेन,मांगीलाल चौधरी, ओमप्रकाश वैष्णव, सहित कई जने मोके पर मौजूद थे

# खेरागढ़ कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन हुआ

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

**खेरागढ़** जिले की विधानसभा क्षेत्र में खेरागढ़ में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्री कान्त शर्मा ने कहा कि पिछले सरकार में चार जिलों को बिजली मिलती थी। अब के हर गांव को 18 घंटे बिजली देने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया। 1912 पर कॉल करने पर विद्यु समस्याओं का समाधान किया जाता है। इलेक्ट्रिक फीडर को सोलर सिस्टम से अपग्रेड किया जाएगा।

उर्जा मंत्री ने आगे कहा कि किसानों के बिजिली बिल को 50 फीसद कम किया गया है। किसानों की इनकम दोगुना करने के प्रयास में सरकार जुटी हुइ है। चुनाव में दो युवराज आएंगे। पहले भी गठबंधन हुआ था दो युवराजों में। दोनों युवराजों के मन नहीं मिले थे तब। 15 साल में बुआ और पिता- पुत्र की सरकार को मुफ्त बिजली देने का ध्यान नहीं था। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि गाड़ी में लगा है समाजवादी झंडा तो




समझो बैठा है अंदर कोई गुंडा। उर्जा मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को आगे गिनाते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। गरीबों को मुफ्त राशन माह में दो बार उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव से लेकर शहर तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। वंचित वर्गों को योजनाओं के लाभ से आर्थिक सशक्त बनाया जा रहा है। किसानों को समृद्ध बनाने का भी हर संभव प्रयास हो रहा है। विपक्ष कितना भी गुमराह कर ले लेकिन जनता बहुत समझदार है वे अब गुमराह होने वाली नहीं है। जनता ने सपा का गुंडाराज और बसपा की तानाशाही देखी है।

# छज्जा गिरने से मजदूर हुए घायल, एक की मौके पर मौत

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के कृष्णुपरम कॉलोनी गांधी पेट्रोल पंप के सामने बाली गली से आ रही है। जहां आज एक पुराने मकान को रिनोवेशन कर छज्जे पर शौचालय का निर्माण करते समय अचानक छज्जा टूट जाने से छज्जे के नीचे दबने से कारीगर की मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार श्रीकृष्ण शर्मा निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी का कॉलोनी में ही पुराना मकान है। बीते कुछ दिनों से श्रीकृष्ण अपने मकान का रिनोवेशन करा रहा था। जिसके चलते वह अपने छज्जे पर शौचालय का निर्माण करा रहा था। आज जैसे ही कारीगर इसपर काम कर रहे थे। तभी बारिश से पहले से ही छतिग्रस्त हो चुका



यह छज्जा निर्माण कार्य के दौरान भरभराकर गिर गया। जिससे शौचालय का काम रहा कारीगर छज्जे के नीचे काम करते समय छज्जे की पपेट में आ गया और इस हादसे में कपिल जाटव उम्र 25 साल निवासी बडापुरा पुरानी की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि इस हादसे में दूसरे कारीगर सचिन जाटव उम्र 26 साल भी गंभीर रूप से घायल हो गए है। इसके साथ ही छज्जे के गिरने से श्रीकृष्ण शर्मा भी इसकी चपेट में आए है जिनके सिर में चोट लगी है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। साथ ही एक बेलदार को भी हल्की चौट लगी है।

बताया जा रहा है कि इस छज्जे पर शौचालय की दीबार रख दी गई थी। उसके बाद इस छज्जे के नीचे दोनों कारीगर डिजाईन बना रहे थे तभी यह छज्जा भरभराकर गिर गया और यह दोनो कारीगर इसकी चपेट में आ गए है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि यह युवक परिवार में अकेला था। जिसके चलते उसके साथी और दोस्त जिला चिकित्सालय पहुंच गए है। जो यहां जिला चिकित्सालय में पुलिस से मकान के मालिक को बुलाने की जिद पर अडे है। परंतु हंगामें ही हालात को देखते हुए मकान मालिक चिकित्सालय आने तैयार नहीं है।

### गल्ला कोठार में वर्षो से बने कचरा ठिये को समाप्त कर, आकर्षण रंगोली बनाकर लिखा एक कदम स्वच्छता की ओर

**पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर ।** स्वच्छ ग्वालियर और सुंदर ग्वालियर बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा सभी वार्डों में नियमित साफ सफाई एवं कचरा ठियों को समाप्त करने का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है, इसके साथ ही ऐसे सभी स्थानों पर लोगों को कचरा न डालने के लिए प्रेरित करने हेतु रंगोली बनाकर एवं गमले रखकर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सौंदर्यीकरण कर आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर निगम के अमले द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान के तहत वार्ड 23 में श्मशान घाट रोड पुलिया के पास गल्ला कोठार ठाठीपुर में वर्षो से बने कचरा ठिया समाप्त कर महिला सफाई मित्रों द्वारा आकर्षण रंगोली बनाकर पौधों के गमले रखे गए तथा एक कदम स्वच्छता की ओर लिखकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही जनप्रतिनिधि श्री शिवराम जाटव ने निगम के सफाई कर्मियों के साथ घर-घर जाकर नागरिकों को सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके ही निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालने व कचरा कचरा ठिया पर न डालने के लिये आग्रह किया गया तथा आमजनों को कचरा सडक पर न फेंकने के प्रति जागरुक किया गया।

## भोपाल की प्राइवेट यूनिवर्सिटी का ब्रिलिएंट छात्र है

# सीहोर से बीटेक कर रहा है बुली बाई एप का मास्टरमाइंड नीरज बिश्नोई

**भोपाल।** देश में हड़कंप मचा रहे बुली बाई ऐप विवाद के तार मध्य प्रदेश से भी जुड़ गए हैं। दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आया बुली बाई एप कांड का सरगना 20 साल का नीरज बिश्नोई भोपाल की प्राइवेट यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सीहोर स्थित वैल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीटेक (कम्प्यूटर साइंस) कर रहा है। नीरज पढ़ाई में तेज है. उसकी आर्थिक भले ही अच्छी न हो, लेकिन उसने 10-12वीं में 86 फीसदी नंबर हासिल किए



हैं. आरोपी राजस्थान के नागौर का रहने वाला है।

इस वक्त वह सेकेंड ईयर में है. उसने दो साल पहले यहां एडमिशन तो लिया था, लेकिन कोविड-19 के कारण कभी कॉलेज नहीं आया. बुली बाई एप मामले में उसका नाम आते ही कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे निष्कासित कर दिया है. अब इस मामले में सीहोर पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है. सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की एक टीम नीरज के पिता दशरथ से पूछताछ करने पहुंची थी। उसके पिता पेशे से दुकानदार हैं. उनकी दो बेटियां और सबसे छोटा बेटा है. दिल्ली पुलिस नीरज को अपने साथ ले गई थी. पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किया. जिस मोबाइल को जब्त किया गया, वह नीरज की मां का है।

### पढ़ाई में होशियार है नीरज

पिता ने पुलिस से कहा कि नीरज ने हमें बताया है कि वह किसी भी गलत काम में शामिल नहीं था. उसने दिल्ली पुलिस टीम को भी बताया कि वह निर्दोष है. ऐसा संभव है कि किसी ने उसकी फोटो का दुरपयोग किया हो. नीरज ने 86 प्रतिशत से दसवीं पास की थी और राज्य सरकार ने उसे लैपटॉप दिया था. हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी. हम बेटे के लिए कंप्यूटर नहीं खरीद सकते थे. कक्षा 12 में भी 86 प्रतिशत हासिल किए और 2019 में उसे वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल में प्रवेश मिल गया था. वह इन दिनों ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था. वह लैपटॉप पर रात 11 बजे तक काम करता था।

## दतिया- कोविड 19 से बचाव , रोकथाम एवं उपचार हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन



**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

**दतिया-** जिला समन्वय समिति जिसके अध्यक्ष शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ दिनेश उदेनिया है ने आज अन्य सदस्यों जिसमें सीएचएमओ डॉ आर बी कुरेले, सिविल सर्जन डॉ केसी राठौर, अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह और मनोज कुमार गुप्ता जिला महामारी विशेषज्ञ है के साथ आज बैठक ली - जिसमें निम्न बिन्दुओ पर तैयारियों की चर्चा की गई

1 - आगामी एक माह के लिए मरीजों के लिए दवाये, चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों की व्यवस्था, आवागमन की व्यवस्था, ऑक्सीजन एवं बिस्तरों की व्यवस्था इत्यादि पर चर्चा हुई

2- मरीजों के परिजनों को मरीज के बारे में सूचना देने हेतु तंत्र स्थपित करने हेतु चर्चा

3- प्राइमरी से लेकर टर्सरी हेल्थ सेंटर्स के बीच तालमेल के साथ कार्य करने को लेकर चर्चा

4- अस्पताल के मुख्य द्वार पर हेल्प डेस्क चालू करने बाबत चर्चा

5 प्राइवेट अस्पतालों में बिस्तरों एवं ऑक्सिजन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना । इस दौरान अस्पताल सह-अधीक्षक डॉ सचिन यादव, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ पी अधिकारी, डॉ मुकेश पांडेय भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए भाजपा नेत्री सरोज ने पूजा अर्चना की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए ग्वालियर में काली माता मंदिर थाटीपुर में महामृत्युंजय जाप किया।भाजपा नेत्री सरोज जोशी ने कहा कि हम सभी लोग यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु के लिए प्रार्थना करते हैं, पूजा अर्चना में कई भाजपा नेता मौजूद रहे।



## नगर पालिका ने शुरू किया रोको-टोको अभियान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** नगर पालिका परिषद भिण्ड द्वारा परेड चौराहे पर रोको-टोको अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने रोको टोको अभियान चलाकर नागरिकों से अपील कर कोरोना गाइड लाइन का पालन करने की बात कही है। सीएमओ श्री सुरेंद्र शर्मा ने कोरोना वायरस को हल्के में नहीं लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस तेजी से देश व प्रदेश में फैल रहा है। नगर में वायरस न फैले इसके लिए बाजार में बिना मास्क घूम रहे नागरिकों से मास्क पहनने, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने की अपील की।



नपा सीएमओ सुरेंद्र शर्मा ने किया मास्क का वितरण

## प्रदेशभर में जारी है झमाझम बारिश का सिलसिला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया है। इसी क्रम में राजधानी भोपाल में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात से झमाझम बारिश हुई, जो करीब दस बजे तक जारी रही। रुक-रुक कर बौछारें पडने का यह दौर दो-तीन तक जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अलग-अलग स्थानों पर बने चार वेदर सिस्टम के असर से यह बारिश हो रही है। एक जेट स्ट्रीम भी मप्र में उज्जैन, सागर, ग्वालियर संभागों के ऊपर बना हुआ है। इस वजह से इन तीन संभागों के जिलों में ओले भी गिर रहे हैं। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास बना हुआ है। उसके प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास बना है। इस सिस्टम के असर से शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बनने की संभावना है। इस वजह से शुक्रवार से बारिश की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। मौसम का मिजाज 10 जनवरी तक ऐसा बना रहने के आसार हैं। राजधानी भोपाल समेत आसपास के जिलों में गुरुवार देररात से रुक-रुककर बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने सागर एवं इंदौर संभागों के जिलों में तथा भोपाल, रायसेन, सीहोर, रीवा एवं सतना जिलो में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

## प्रदेश में चार दिन में किशोरों के टीकाकरण का 50 फीसद लक्ष्य पूरा

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के बीच बीच यह अच्छे संकेत हैं कि कोरोनारोधी टीका लगवाने में किशोर खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। प्रदेश में चार दिन के भीतर 24 लाख से ज्यादा किशोरों को टीका लगाया गया है। प्रदेश में 15 से 18 साल तक के 48 लाख से ज्यादा किशोरों को टीका लगाने का लक्ष्य है।

## एमपीपीएससी के एक नियम पर विवाद

# अगर नियम नहीं बदला तो अपात्र हो जाएंगे 15 हजार उम्मीदवार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा परीक्षा 2021 से पहले विवाद खड़ा हो गया. परीक्षा के लिए अभी विज्ञापन भर निकला है. लेकिन इसमें आवेदक की उम्र के लिए जो नियम दिया है उस पर आवेदकों को आपत्ति है. PSC के इस नियम के कारण करीब 15 हजार केंडिडेट ओवरएज होने के कारण अपात्र हो जाएंगे और वो एप्लाय ही नहीं कर पाएंगे।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 के लिए 10 जनवरी से आवेदन शुरू हो जाएंगे. एमपीपीएससी ने जो विज्ञापन जारी किया है, उसमें आवेदक की उम्र 1 जनवरी 2022 तक गिनी जाएगी. आपत्ति इसी पर है।

यदि सरकार ने आयु की गणना की मियाद नहीं बदली तो 15 हजार से ज्यादा छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हो पाएंगे. उम्मीदवार अब तक मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजे चुके हैं जिस पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई है।

अगर 1 जनवरी 2022 तक उम्र आंकी जाए तो उस हिसाब से 15 हजार से ज्यादा छात्र ओवरएज हो रहे हैं. इसलिए वो परीक्षा में शामिल ही नहीं हो पाएंगे।

छात्रों का तर्क है कि नियमानुसार ये विज्ञापन पिछले साल दिसंबर में जारी होना था और आयु गणना 1 जनवरी 2021 से होनी थी. लेकिन देरी का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। छात्रों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है. उनका कहना है 10 जनवरी से राज्य सेवा परीक्षा 2021 के आवेदन शुरू होंगे. शासन को उससे पहले इस पर निर्णय लेना चाहिए.10 जनवरी से पहले निर्णय नहीं हुआ तो दिक्कत हो जाएगी।




### 40 के बजाय 41 की जाए उम्र

हजारों आवेदकों ने सरकार से मांग की है कि उम्र की गणना नियमानुसार 1 जनवरी 2021 तक की जानी चाहिए या फिर जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों की उम्र में एक साल की छूट देकर 40 के बजाय 41 कर दी जाए. कोरोना की वजह से MP-PSC का एकेडमी कैलेंडर बिगड़ गया है जिसकी वजह से परीक्षाएं एक साल लेट हो रहीं हैं. ऐसे में उम्मीदवार अपनी जगह सही हैं. उनका कहना है कि विज्ञापन देरी से जारी होने के लिए एमपीपीएससी जिम्मेदार है. उसकी गलती का खामियाजा वो क्यों भुगतें।

# एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षाओं पर कुहासा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के तारीखों की घोषणा की जा चुकी है. हालांकि कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों के साथ ही परीक्षाओं के ऑफलाइन आयोजन पर वापस से खतरा मंडराने लगा है. ऐसे में छात्रों के बीच यह आशंका बढ़ रही है कि कहीं पिछले वर्ष की तरह इस साल भी परीक्षाएं रद्द ना कर दी जाएं।

हालांकि अब तक बोर्ड के तरफ से परीक्षा रद्द करने को लेकर किसी भी प्रकार की घोषणा नहीं की गई है. लेकिन बोर्ड ने हाल ही में विद्यालयों को प्री बोर्ड और हाफ ईयरली परीक्षाओं के नंबर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में इस बात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर स्थिति भयावह होती है तो छात्रों को प्री बोर्ड और हाफ ईयरली परीक्षाओं के आधार पर पास कर दिया जाए।इससे पहले एमपी बोर्ड ने 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव भी किया था. जिसके अनुसार 10वीं की परीक्षाएं 18 फरवरी से 10 मार्च तक जबकि 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 12 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएंगी।




## पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने जोड़े कटे बिजली कनेक्शन, बढ़े बिल का जताया विरोध

**भोपाल।** शहर में आए दिन आ रहे बढ़े हुए बिजली बिल के विरोध में कांग्रेस ने सरकार और बिजली कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा ने बाणगंगा इलाके में ज्यादा बिल आने की वजह से कटे पड़े बिजली कनेक्शनों को घर-घर पहुंचकर खुद जोड़ा. बिजली कंपनी ने बिल जमा नहीं करने वाले लोगों के घर के कनेक्शन काट दिए थे. इससे लोगों को अंधेरे में गुजर बसर करना पड़ रहा था, इसी का विरोध करते हुए पूर्व मंत्री पीसी शर्मा की अगुवाई में कांग्रेसी वाणगंगा क्षेत्र पहुंचे और शिवराज सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।



इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के दौरान 100 यूनिट जलाने पर 100 रुपये बिजली का बिल आ रहा था लेकिन कांग्रेस की सरकार जाते ही बिजली के बिल मनमाने तरीके से आने लगे. झुग्गी बस्तियों, गरीब, मेहनतकश मजदूरों के घर 20 से 50 हजार तक के बिल आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री की दीर्घायु जीवन के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने किया महा मृत्युंजय मंत्र जाप

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को माधव चौक चौराहा शिव जी के मंदिर में महा मृत्युंजय मंत्र जाप का आयोजन किया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे ने कहा कि पंजाब ने लोकतंत्र की हत्या कर देश के इतिहास में दर्ज कराया एक ओर काला दिवस। पंजाब के मुख्यमंत्री के इस व्यवहार से पंजाब का हर नागरिक डरा हुआ है कि जब पंजाब का मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री जी को सुरक्षा ना दे सका। वो वहाँ के नागरिक को कैसे सुरक्षित करेगा। यह शर्मनाक कृत्य है कि पंजाब के कल्याण हेतु हजारों करोड़ की



विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने वहां पहुंच रहे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के काफिले को रोका गया। आज कॉग्रेस ने देश को फिर से शर्मसार किया है। भाजपा महिला मोर्चा की सभी बहने मशाल यात्रा में भी शामिल हुई

इस दौरान भाजपा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे प्रदेश कार्यकारी समिति सदस्य श्रीमती उषा भार्गव श्रीमती नीलम बघेल श्रीमती चंद्र मेहता श्रीमती रिंकू कुशवाह श्रीमती राधा ओझा श्रीमती उत्तरा तिवारी श्रीमती ज्योति यादव बबीता राठौर नीतू बाथम श्रीमती शकुंतला शर्मा श्रीमती नीलम चंदेल और भी अन्य बहने मौजूद रही

## आरक्षक भर्ती परीक्षा कल से, 12 लाख उम्मीदवार लेंगे भाग

### उम्मीदवार बार-बार ई-थंब लेने की व्यवस्था पर खड़े कर रहे सवाल

**भोपाल।** पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा अभी शुरु हुई नहीं और अभी से उम्मीदवार इसको लेकर सवाल खडा कर रहे हैं। उनका कहना है कि बार-बार वैरिफिकेशन के लिए ई-थंब लिया जा रहा जो सही नहीं है। प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) कल आठ जनवरी से पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा शुरू करने जा रहा है। इसके प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए है।

परीक्षा में इस बार 12 लाख 17 हजार परीक्षार्थी भाग लेंगे। इसके चलते बार-बार वैरिफिकेशन के लिए ई-थंब लेने की व्यवस्था पर सवाल खड़े होना शुरू हो गए है। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा में एक-एक उम्मीदवार को तीन बार बायोमेट्रिक से गुजरना होता है। पहले उन्हें मुख्य द्वार पर सत्यापित किया जाएगा, दूसरा कम्प्यूटर लैब और तीसरी बार परीक्षा देकर जब उम्मीदवार बाहर जाएगा तब अखिरी बात उनका बायोमेट्रिक लिया जाएगा। इसके बाद एक दिन में दो पालियां होंगी। एक पाली से 19 हजार उम्मीदवार के बाद दूसरी पाली में 19 हजार उम्मीदवार परीक्षा देंगे। प्रदेश के 90 केंद्रों पर सुरक्षित शारीरिक दूरी के नियमों का पालन कैसे करवाया जाएगा। बाहरी राज्यों से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में उत्तर-प्रदेश, बिहार, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान के शामिल हैं। उक्त राज्य में कोरोना के आंकडे प्रदेश के आंकडे से काफी ज्यादा है। यहां से आने वाले उम्मीदवारों को प्रदेश के उम्मीदवारों से कोरोना संक्रमण फैलने का जोखिम राज्य सरकार को उठाना पड़ सकता है।बता दें कि भर्ती परीक्षा के 12 लाख 17 हजार उम्मीदवारों में से 95 हजार उम्मीदवार बाहरी राज्यों के हैं। यह संख्या भी पदों के मुकाबले 25 गुना अधिक हैं। पीईबी तीन हजार 862 पद जीडी आरक्षक और 138 पद रेडियो आरक्षक की भर्ती करने आनलाइन एग्जाम लेगा। 59 हजार उम्मीदवार जीडी आरक्षक और रेडियो आरक्षक की नौकरी हासिल करने के लिए दो-दो पेपर देंगे।

## म्यूटेशन से बदला वायरस का नेचर

### - अब सर्दी में बढ़े कोरोना के मरीज

### -भोपाल में कोरोना के 246 मरीज मिले, 4 फीसद हुई संक्रमण दर

**भोपाल।** कोरोना वायरस बड़ा ही छलिया है, जी हां अब इस छलिया वायरस ने म्यूटेशन के बाद अपना स्वभाव ही बदल दिया है। जिसकी वजह से इस बार कोरोना कड़ाके की ठंड में भी लोगों को शिकार बना रहा है। इसके पहले पहली एवं दूसरी लहर में मार्च एवं अप्रैल माह में मरीज मिलना शुरू हुए थे, जबकि इस बार जनवरी में ही कोरोना शतक लगा चुका है। वहीं चिकित्सा विशेषज्ञों की माने तो इसे हल्के में न लें, क्योंकि वायरस के कारण भले ही मौत कम हो रही हैं, लेकिन इसके फैलने की रफ्तार चार गुना है। ऐसे में जरूरी है कि कोविड गाइन लाइन का पालन करें और बहुत आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें।

वहीं देश-प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल में भी कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। भोपाल जिले में गुरवार को कोरोना के 246 नए मरीज सामने आए। कुल 5936 सैंपल की जांच में इतने मरीज मिले हैं। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण दर भी 04 फीसदी तक पहुंच गई। नए मिले मरीजों में 95 मरीज कोलार क्षेत्र और 45 गोविंदपुरा क्षेत्र में मिले हैं। यानी ये दोनों क्षेत्र एक बार फिर शहर में कोरोना के हाटस्पाट बनते नजर आ रहे हैं। 246 मरीज मिलने के साथ ही भोपाल में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 632 तक पहुंच गया है। राहत की बात यह है कि इनमें से ज्यादातर होम आइसोलेशन में हैं। 25 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। नए मरीजों में चार साल के कम उम्र के दो बच्चे भी हैं। इससे एक दिन पहले भोपाल में कोरोना के 169 मरीज मिले थे।

### लगातार बढ़ रहे मामले

गौरतलब है कि भोपाल में 26 दिसंबर से कोरोना के मरीजों की संख्या बढने की शुरुआत हुई है। 11 दिन के भीतर ही मरीजों का आंकड़ा 246 पर पहुंच गया है। स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मरीज बढने के बाद अब लोग स्वतः जांच कराने के लिए फीवर क्लिनिको में पहुंच रहे हैं। 10 दिन पहले तक फीवर क्लीनिक में आने वाले मरीजों की संख्या 1000 के नीचे थी, लेकिन अब करीब 2000 मरीज यहां जांच कराने के लिए आ रहे हैं।

## मास्क न पहनने वालों पर बढ़ेगी सख्ती

# प्रदेश में बेलगाम कोरोना, 24 घंटे में मिले 1320 संक्रमित

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर के दौरान संक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना के 1320 नए मरीज सामने आए हैं। कुल 68128 सैंपल की जांच में इतने मरीज मिले हैं। दीपावली के बाद पहली बार 72,612 सैंपलों की जांच की गई है।

हर दिन 70 हजार सैंपल की जांच करने का लक्ष्य है। सैंपल ज्यादा होने की वजह से 15,647 सैंपलों की जांच गुरुवार को नहीं हो पाई है। नए मिले मरीजों में इंदौर के 584 और भोपाल के 246 मरीज शामिल हैं। इस दौरान भोपाल में एक कोरोना संक्रमित की मौत भी हुई है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 3663 हो गई है। इनमें 632 भोपाल



और 1716 सक्रिय मरीज इंदौर के हैं। इनमें 211 पॉजिटिव और 61 संदिग्ध मिलाकर 272 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। गुरुवार को161 कोरोना मरीज ठीक भी हुए हैं। इससे एक दिन पहले प्रदेश में 1033 मरीज मिले थे। हालांकि राहत की बात यह है कि बुधवार की जांच में 42 जिलों में संक्रमित मरीज मिले थे, गुरुवार हुई जांच में 37 जिलों में ही संक्रमण की पुष्टि हुई है।कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ सरकार व प्रशासन ने कोरोना गाइडलाइन के पालन को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने यह घोषणा की है कि अब प्रदेश में मास्क न लगाने वाले वाहन चालकों को किसी भी पंप पर पेट्रोल और डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके साथ मास्क नहीं लगाने पर सख्ती से जुर्माना वसूला जाएगा। हालांकि गृहमंत्री ने प्रदेश में लाकडाउन लगाने की संभावनाओं को नकार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी लॉकडाउन या कर्फ्यू लगाने का कोई विचार नहीं है और न ही ऐसा कोई प्रस्ताव गृह विभाग के पास विचाराधीन है।

### फरवरी से कम हो सकती है कोरोना मरीजों की संख्या

कोरोना वायरस महामारी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुए एक फरवरी तक 19,500 पर पहुंच सकती है। इस दौरान प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या डेढ़ लाख होगी। इनमें सात फीसद मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत होगी। यह अनुमान भारतीय सांख्यिकी संस्थान, बेंगलुरू ने लगाया है। अनुमान के अनुसार एक फरवरी के बाद मरीजों की संख्या उसी तरह से घटेगी, जिस रफ्तार से बढ़ेगी। 31 मार्च तक हर दिन मिलने वाले कोरोना मरीजों की संख्या 100 से नीचे आ जाएगी।गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की समीक्षा बैठक में भी इस अनुमान को प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने अनुमानित संख्या के हिसाब से तैयारी करने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश में टीकाकरण अच्छा हुआ है। इस कारण मरीजों की संख्या 19,500 तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। नहीं तो यह आंकड़ा दोगुने से भी ज्यादा होता। प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या हर दिन दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। मंगलवार को 595 मरीज मिले थे, जबकि बुधवार को आंकड़ा 1033 हो गया है। प्रदेश के 52 जिलो में से 42 जिले अब कोरोना की चपेट में हैं। इन जिलों में सक्रिय मरीजों की संख्या 2475 है। इनमें 148 मरीज निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं। भर्ती मरीजों में 34 हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू)/आइसीयू में हैं।

# कठिन से कठिन परिस्थिति को ध्यान में रखकर बच्चों के इलाज का इंतजाम करें : श्री सिंह

## कलेक्टर ने कोरोना को लेकर ली शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक

### चिकित्सकों ने कहा डरने की नहीं सावधान रहने की जरूरत



ग्वालियर। कोरोना की कठिन से कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बच्चों के इलाज के लिए सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। साथ ही बच्चों का इलाज निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत हो। यह बात कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक में कही।

शुक्रवार को यहाँ स्मार्ट सिटी के कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों से चर्चा कर निजी एवं सरकारी अस्पतालों में बच्चों के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों में भी संक्रमण सामने आ रहा है। अभी तक लगभग 31 बच्चे कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। जिनमें 9 वर्ष तक के सात बच्चे शामिल हैं। सुखद बात यह है कि किसी भी बच्चे में गंभीर लक्षण नहीं हैं, फिर भी पूरी एहतियात बरतने की जरूरत है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में यह भी कहा कि शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ आपस में चर्चा कर कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिये प्रोटोकॉल भी तय करें। श्री सिंह ने कहा कि शहर में बच्चों के इलाज के लिये एक स्पेशल कोविड केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा। साथ ही एक अस्पताल को भी विशेष रूप से बच्चों के इलाज के लिये अधिकृत करेंगे, जिससे कोरोना संक्रमित बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज हो सके।

बैठक में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चों में कोरोना संक्रमण अभी चिंता का विषय नहीं है। फिर भी पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने सलाह दी कि खासतौर पर बच्चों को घर में अपने दादा-दादी एवं बुजुर्गों से दूर रखें।

बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक में शहर के विभिन्न अस्पतालों में बच्चों के लिये उपलब्ध आईसीयू एवं सामान्य बैड की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# जिले में रोको-टोको अभियान के तहत कार्रवाई जारी

### मास्क न लगाने वालों को भेजा खुली जेल, जुर्माना भी वसूला



ग्वालियर। बच्चों के कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखकर शहर में रोको-टोको अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मास्क न लगाने वाले लोगों से जुर्माना वसूलने के साथ-साथ उन्हें अस्थायी तौर पर खुली जेल में भी रखा जा रहा है। साथ ही निबंध भी लिखवाए जा रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को ठाठीपुर क्षेत्र में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी के नेतृत्व में रोको-टोको अभियान के तहत बिना मास्क के पक? गए लोगों को रूपसिंह स्टेडियम में बनाई गई खुली जेल में भेजा गया। साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूला गया। कोरोना मरीजों के घरों पर किया सेनेटाइजेशन इसी तरह कोरोना से संक्रमित पाए गए मरीजों के घरों के आसपास सेनेटाइजेशन का काम भी किया जा रहा है। साथ ही मरीज के घर पर पर्चे भी चस्पा किए जा रहे हैं। इस कड़ी में शांतिनगर, वार्ड-48 के अंतर्गत एश्वर्य अपार्टमेंट कॉलोनी सहित शहर की अन्य बस्तियों में पाए गए कोरोना मरीजों के घर पर सेनेटाईजेशन कर दवाओं की किट भी वितरित की गईं।

# चित्रकला प्रतियोगिता व सम्मान समारोह सम्पन्न

### श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गांधी शिल्प बाजार में हुआ आयोजन



ग्वालियर। गांधी शिल्प बाजार के स्पेशल एक्सपो हैंडलूम 2022 मे बुधवार को5 जनवरी 2022को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चो द्वारा निर्धारित विषय 3से 8 वर्ष आयु वर्ग ने सेव एनिमल, 9से 14आयु वर्ग ने स्वच्छ भारत, 15से 22 सेव ट्री,थीम पर पेंटिंग के माध्यम से सामाजिक जागरूकता पर हुनर दिखाकर सेव स्ट्रीट एनिमल का संदेश दिया जिसमें प्रतिभागी बच्चो को तीन आयु वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। एक विशेष पुरुस्कार खुशी बड़ोदिया को दिया गया ये बच्ची मुंह से पेंटिंग बनाती है हाथ पैर से अक्षम खुशी प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र रही। प्रवीण पंवार जी ने खुशी को 501रूपये का नगद पुरस्कार मंच से प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल माखीजानी बीजेपी जिला अध्यक्ष, रेशू राजावत बीजेपी जिला महामंत्री, रामेश्वर भदौरिया बीजेपी जिला उपाध्यक्ष, डॉ.वंदना भूपेंद्र प्रेमी,बेटी है तो कल है संस्था, मेला प्रमुख डीसी तिवारी, उर्मिला तोमर , प्रवीण पवार जी की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके साथ साथ पर्यावरण प्रेमी प्रदीप लक्षणे श्री श्याम श्रीवास्तव जी रविन्द्र पवीया अरविंद नरवरिया ने भी पूरे समय उपस्थित रहकर नन्हे कलाकारो का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ खुशी शर्मा की गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति से हुआ। संस्था अध्यक्ष नम्रता सक्सेना ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार से सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवम् यादव ने किया। उपाध्यक्ष वंदना पाल श्वेता सक्सेना रेखा सक्सेना डॉ.चित्रा अनुरागी पारस जादौन अंजली सक्सेना , ऋषि अमन विनय निशा मोहमद आदि टीम मेंबर उपस्थित थे। अतिथियों ने श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे श्वान एवं मूक पशुओं के हितार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए संस्था सदस्यों को प्रोत्साहित कर सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बच्चों को स्वल्पाहार के साथ ही संस्था अध्यक्ष नम्रता सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। पॉलीथिन हटाओ, कप? के थैले अपनाओ के तहत अथितियों को पर्यावरण प्रेमी प्रदीप लक्षणे ने कप? के थैले भेंट किये ।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रैमासिक, छमाही, प्रीबोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से संबद्ध शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत कक्षा - 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के मौजूदा शैक्षणिक सत्र के त्रैमासिक, छमाही, प्रीबोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जानी है। एमपी ऑनलाइन के जरिए 15 जनवरी तक यह प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के आदेश संबंधित शिक्षण संस्थाओं को पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। ऐसी शिक्षण संस्थायें जिन्होंने अभी तक यह काम नहीं किया है, उनको माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सचेत किया गया है कि इस काम को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। इस कार्य के लिये तिथि में वृद्धि नहीं की जायेगी और न ही ऑफलाईन अंक मान्य किए जायेंगे।

**डीएलएड द्वितीय अवसर के फॉर्म भरने की सुविधा 10 जनवरी तक**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (D.EL.ED) प्रथम / द्वितीय वर्ष (द्वितीय अवसर) परीक्षा 12 जनवरी को शुरू हो रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम 15 दिसम्बर के पश्चात घोषित किया गया है, उन्हें 10 जनवरी तक डीएलएड (द्वितीय अवसर) के परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा करने की सुविधा दी गई है।

### उचित मूल्य की दुकानों पर सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के निर्देश

नेशनल फूड सिक्यूरिटी एक्ट के सभी हितग्राहियों की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से ई-केवायसी की जानी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं से माह जनवरी के राशन वितरण के साथ-साथ हितग्राहियों की ई-केवायसी का काम सुनिश्चित करने के लिये कहा है। डस्टबिन न रखने, गंदगी फैलाने व मास्क न लगाने वालों से वसूला जुर्माना ग्वालियर दिनांक 07 जनवरी 2022 - नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जनजागरुकता अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ आमजनों को स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया।






# सुदामा चरित्र के साथ हुआ भागवत कथा का समापन

### गोविन्द पुरी स्थित शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में चल रही श्रसुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त : अनुप्रिया



ग्वालियर । गोविन्द पुरी स्थित शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सुदामा चरित्र के साथ आज भागवत कथा का समापन हो गया ,शनिवार को हवन के साथ भंडारा का आयोजन होगा। कथा व्यास अनुप्रिया देवी ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया।

कथा व्यास अनुप्रिया देवी ने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए।सुदामा का खूबसूरत चरित्र नन्हे बालक अभिप्राय दुबे ने निभाया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। वहां उपस्थित सैंक?ों श्रद्धालुओं ने ने गाजे- बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा की विदाई की।इस अवसर पर आरती का अवसर सतेन्द्र सिंह सेंगर को मिला, उन्होंने कहा कि शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में पूरे वर्ष धार्मिक आयोजन होंगे।वही भागवत कथा में राजीव चौहान को परीक्षत बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।भागवत कथा में व्यास पीठ की पूजा -वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित कमल किशोर मुदगल ,राम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। भागवत कथा समापन में आभार आयोजनकर्ता गायत्री शर्मा ने व्यक्त किया।

### भजन कीर्तन के साथ नृत्य के झूम उठा पंडाल

कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया । समापन पर कथा व्यास अनुप्रिया ने एक से बढाकर एक खूबसूरत भजन गाये,जिन्हें सुनकर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए.इस दौरान भजनों को संगीतमय माहौल बनाने में श्याम म्यूजिकल ग्रुप के दिलीप शर्मा ,आनंद उपाध्याय,हेमंत नागर ने साथ दिया.कथा पंडाल में सजाई गई आकर्षक झांकी ने सभी का मनमोह लिया।



# कांग्रेस की नितियों को घर-घर तक पहुंचाने का संदेशः कांग्रेस

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन पर जिला स्तरीय जनजागरण प्रशिक्षण अभियान मप्र शासन के पूर्व मंत्री जनजागरण अभियान प्रभारी श्री पीसी शर्मा, ग्वालियर प्रभारी अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रवक्ता विभा पटेल, मृणाल पंत, डॉ. लालू भदोरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण दिया। 7 घंटे तक बड़ी एलईडी स्क्रीन पर कार्यकर्ताओं का हर विषय पर प्रशिक्षित किया गया और वर्तमान हालतो में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का दायित्व क्या होना चाहिए इसकी ट्रेनिंग दी गई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन पर जिला स्तरीय जनजागरण प्रशिक्षण अभियान मप्र शासन के पूर्व मंत्री जनजागरण अभियान प्रभारी श्री पीसी शर्मा, ग्वालियर प्रभारी अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रवक्ता विभा पटेल, मृणाल पंत, डॉ. लाल भदोरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि कांग्रेस का इतिहास देश की आजादी का इतिहास है, देश के विकास का इतिहास है, त्याग बलिदान, कुर्बानी का इतिहास है, कांग्रेस ने 70 सालो में देश को विकास की बुलंदियो पर पहुचाया है, साथ ही संगठन के लिए अनुशासन सर्वोपरी है, अनुशासन में रहकर ही पार्टी को मजबूत करें, और देश में नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को जनजन में बेनकाब करें, इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके देश का मंहगाई की आग झोकने वाली, पेट्रोल डीजल, रसोई गैस के दाम बढ़ाने वाली, बेरोजगारी ब?ाने वाली किसानो को मौत के घाट पहुंचाने वाली केन्द्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार को बेनकाब करना है, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने अपने क्षेत्रो में कांग्रेस की नीति जनजन तक पहुचांए, 15 माह में श्री कमलनाथ जी की कांग्रेस सरकार ने जो विकास कार्य किए है उसे जनजन तक पहुंचाए, प्रशिक्षण लेने वाले कार्यकर्ताओ का दायित्व है वह कांग्रेस के इतिहास का साथ लेकर देश को साम्प्रदायिता की आग में झोकने वाली भाजपा को बेनकाब करें।

# तेजी से बढ़ते सक्रमण से बचाव हेतु नई गाइड लाइन जारी



भोपाल/ग्वालियर। कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिए मध्य प्रदेश में नयी गाइड लाइन जारी कर दी गयी है. नये नियम के मुताबिक मेलों पर रोक लगा दी गयी है. शादी में अब 250 और शव यात्रा में सिर्फ 50 लोग शामिल हो सकेंगे. भोपाल में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की समीक्षा बैठक की. उसमें ये फैसला लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के कलेक्टरों से बात की. उन्होंने चारों शहरों में प्रशासन को अलर्ट रहने के लिए कहा है. अब प्रदेश में कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर 7 दिन क्वारेंटीन किया जाएगा. तीसरी लहर का पीक 25 से 30 जनवरी के बीच में होने का अनुमान है. इस दौरान प्रदेश में 19 से 20 हजार केस प्रतिदिन आ सकते हैं. यानी यह संख्या दूसरी लहर से लगभग डेढ़ गुना होगी. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के केस बढ़ेंगे, लेकिन पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है. सतर्कता बरतना जरूरी है. बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, हेल्थ डिपार्टमेंट के अफसर मौजूद थे।

# पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी की सुरक्षा को संकट में डालने के विरोध में भाजपा ने दिया मौन धरना



ग्वालियर। विश्व के सर्वाधिक लेकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पंजाब यात्रा के दौरान उनके प्राण और राश्ट्र के गौरव पर उत्पन्न संकट करने वाले दोशियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु भाजपा ग्वाल्यिर महानगर द्वारा शुक्रवार को दोपहर 3 से 5 बजे तक फूलबाग स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष मौन धरना दिया गया। धरने के उपरांत जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल महोदय को दोशियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर सांसद श्री विवेक शेजवल्कर, श्री मुन्नालाल गोयल, डॉ. अरविंद राय, श्री अशोक जादौन, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्री रमेश अग्रवाल, श्री हरीश मेवाफरोश, धर्मेंद्र राणा, राजू सेंगर, विनोद शर्मा, श्री गजेंद्र राठौर, श्रीमती रेखा धोलखंडी, श्री राकेश खुरासिया, श्री जितेंद्र गुर्जर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री जवाहर प्रजापति, मंडल अध्यक्षगण श्री जयंत शर्मा, उमेश भदौरिया, बृजमोहन शर्मा, श्री सतीश साहू, श्री मनोज मुटाटकर, श्री हरिओम झा, श्री प्रयाग तोमर, श्री विकास गिरि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री संतोश गोडयाले, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री गिर्राज व्यास, पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री मुलायाम सिंह यादव, श्री राजेंद्र सेठ, श्री उदय अग्रवाल, श्री विनय जैन, विवेक शर्मा, रमेश सेन, रवि तोमर, मनोज तोमर, सुघर सिंह पवैया, अभिनंदन त्यागी, मनीश दीक्षित, प्रतीक तिवारी, सुभाश शर्मा, यश शर्मा, श्रीमती अपर्णा पाटिल, श्रीमती लता सिंह, श्रीमती गीता मेवाफरोश, श्रीमती ममता भिलवार, श्री गुड्डू वारसी, श्री धर्मेंद्र आर्य, श्री राजेश्वर राव, श्री सुधीर गुप्ता, विहवल सेंगर, फैजल अली काजमी, रितु शेजवार, शर्मिला कुशवाह, विद्या थोराठ, किरण भदौरिया, नवीन पराण्डे, विनती शर्मा, निर्दोश शर्मा, रेशु राजावत, संगीता पाल, प्रीती थोराठ, गिरिजा गर्ग, उमा भदौरिया, महेश खत्री, दिनेश जैन सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478